


दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। शुक्रवार 05 सितंबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 256 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

# लोनी में यमुना का जलस्तर पहुंचा 211.70

## 250 लोगों को प्रशासन ने राहत कैंप में रखा, पानी का बहाव हुआ कम, पर प्रशासन और एनडीआरएफ है अलर्ट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** हथिनी कुंड ताजेवाला बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ गया था। फिलहाल अभी बाढ़ का खतरा बना हुआ है लेकिन प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को यमुना नदी का जलस्तर कम हुआ है। जो अब 211.70 पर पहुंच गया है। पानी का बहाव कम होने के बाद भी प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम अलर्ट मोड पर रखी गई हैं। तो उधर मुरादनगर में भी पानी का जलस्तर बढ़ने से कुछ गांव की जमीन पानी में आ गई है। उधर लोनी के बदरपुर गांव में 55 परिवारों का गुरुवार को रेस्क्यू किया गया है। तो वहीं प्रशासन द्वारा 200 से अधिक लोगों को कैंप में रखा गया है, जहां उनका खाना, ओआरएस के घोल, दूध, फल सहित अन्य चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीमें और अन्य राहत एवं बचाव दल भी लोनी में तैनात चल रहा है।

### अधिकारियों की टीम रख रही है लगातार ध्यान

करंट क्राइम : अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सौरव भट्ट, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी लोनी दीपक सिंघंगवाल तहसीलदार डॉ. अरुण कुमार अग्रवाल और सिंचाई विभाग के अधिकारी लगातार बदरपुर, मीरपुर हिंदू, पचरा, इलायचीपुर, नवादा व अल्लीपुर जैसे बाढ़ प्रभावित गांव का दौरा कर रहे हैं। ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्या हल करवाई जा रही है। तो समाधान व मदद भी कराई जा रही है।

### पानी में फंसी गर्भवती के हुई बेटी



करंट क्राइम : लोनी में बाढ़ प्रभावित इलाके में शाहजहांपुर की रहने वाली एक महिला गर्भवती बताई जा रही थी, उसको बेटी जन्मी है। इसके बाद वहां स्वास्थ्य विभाग, अधिकारियों और प्रशासन के लोगों ने परिवार को कहा है कि वह अपनी बेटी का नाम यमुना रखें। फिलहाल दोनों स्वस्थ बताएं जा रहे हैं।

### बाढ़ प्रभावित इलाके लोनी, गौतमबुद्ध नगर, दिल्ली और अलीगढ़ में डेरा डाले हुए है एनडीआरएफ की टीम

**102 स्थानों का किया गया अब तक दौरा, 11 लोगों को खतरे से बाहर निकाला**





गाजियाबाद, करंट क्राइम : गाजियाबाद स्थित एनडीआरएफ की आठवीं बटालियन दिल्ली-एनसीआर में आई बाढ़ को लेकर अलर्ट है और बड़ी संख्या में एनडीआरएफ के जवान, अधिकारी और स्पेशलिटी में लोगों को बचाने और मदद के लिए जुटी हुई है। गाजियाबाद एनडीआरएफ के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार अक्षरधाम मंदिर, दिल्ली यमुना बैंक मेट्रो डिपो, दिल्ली, टप्पल अलीगढ़, उत्तर प्रदेश महाराजगंज, अलीगढ़, पचरा लोनी, बदरपुर खादर लोनी, गौतमबुद्ध नगर सेक्टर-151, जेवर गौतमबुद्ध नगर पुश्ता, उस्मानपुर दिल्ली यह ऐसे इलाके हैं जहां एनडीआरएफ की टीमें बड़ी संख्या में वोट एवं आधुनिक उपकरणों के साथ राहत एवं बचाव कार्य में 24 घंटे लगी हुई हैं। साथ ही यह टीमें लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए अलर्ट करने के साथ ही मदद और उपचार से लेकर अन्य व्यवस्था उपलब्ध कराने का काम कर रहीं हैं।

### 102 स्थानों पर किया गया निरीक्षण, 11 को सुरक्षित निकाला

करंट क्राइम : एनडीआरएफ की टीमें लोनी से लेकर दिल्ली और गौतमबुद्ध नगर से लेकर अलीगढ़ तक बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनजीवन को सामान्य करने में जुटी हुई हैं। इस दौरान जानकारी मिली है कि दो दिनों में 102 स्थानों पर एनडीआरएफ की टीम पहुंची हैं। वहीं 11 लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकालकर उनके जीवन को बचाने का काम किया गया है।

# पार्षदों ने कहा कार्यकारिणी की घोषणा महापौर करें, यह उनका अधिकार

## पार्षद प्रवीण चौधरी ने कहा जहां से खत्म हुई थी प्रक्रिया वहीं से हो शुरू




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों नगर निगम कार्यकारिणी के चुनाव में अनुशासनहीनता और माला वाला मामला आने के बाद महापौर सुनीता दयाल ने पूरी प्रक्रिया को निरस्त कर दिया था। नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव निरस्त हुए कई दिन हो चुके हैं लेकिन इसके बावजूद भी कोई शुरूआत नहीं हो रही है। इस बारे में जब दैनिक करंट क्राइम ने निगम के पार्षदों से बातचीत की, तो उनका कहना था कि बैठक कब होगी, कहां से बुलाई जाएगी, यह फैसला महापौर का स्वतंत्र अधिकार है। तो वहीं पार्षद प्रवीण चौधरी ने कहा है कि चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराई जानी चाहिए, चुनाव जहां से खत्म हुआ था वहीं से शुरू किया जाना चाहिए। वहीं पार्षदों ने इस बारे में अपनी अपनी राय रखी है।

### सदन से पहले हाउस टैक्स की स्थिति हो क्लियर : नीरज गोयल



करंट क्राइम : पार्षद नीरज गोयल का कहना है कि जिस तरीके से कार्यकारिणी का चुनाव निरस्त हुआ था, इसका फैसला महापौर का अधिकार है। उन्होंने कहा है कि जब बैठक के लिए पार्षदों को बुलाया जाएगा, तो वह उपस्थित होंगे। पर उन्होंने कहा है कि वर्तमान में हाउस टैक्स एक बड़ा मुद्दा है। लगभग 6 लाख से अधिक लोगों के लिए इस विषय की अधिक प्रमुखता है। इसपर भी नगर निगम और सदन में स्थिति क्लियर होनी चाहिए। इससे जनता को भी नुकसान हो रहा है।

### कार्यकारिणी कब हो यह फैसला महापौर का फैसला होगा : राजीव शर्मा



करंट क्राइम : नगर निगम के पार्षद राजीव शर्मा का कहना है की कार्यकारिणी कब होगी, यह महापौर का अधिकार है। उन्हीं का आदेश मान्य होता है, वह सदन की अध्यक्ष हैं, जब वह कहेंगे तब सब इसमें शामिल हो जाएंगे। वहीं उन्होंने बातचीत में यह कहा है कि अभी पितृ पक्ष शुरू हो रहा है। पितृपक्ष के बाद नवरात्र और फिर रामलीला की भी शुरूआत हो रही है। ऐसे में त्यौहारी सीजन आने वाला है। बैठक कब होगी, कैसे होती है, यह भी अलग विषय प्रमुख रहेगा।

### कार्यकारणी बैठक में नया पैनल हो तैयार, संगठन की भूमिका रहेगी महत्वपूर्ण : श्री भगवान अग्रवाल



करंट क्राइम। पार्षद श्री भगवान अग्रवाल ने कहा है कि दोबारा कार्यकारिणी बैठक के लिए नया पैनल तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन की भूमिका इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण होगी और संगठन के निर्णय के अनुसार ही नया पैनल तैयार किया जाएगा। संगठन की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि संगठन के निर्णय और मार्गदर्शन में ही नया पैनल तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन की भूमिका नए पैनल की सफलता के लिए महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने ने कहा कि नया पैनल नए कार्यों को करने के लिए तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे संगठन के कार्यों में नई ऊर्जा और नवाचार आएगा, जो संगठन के विकास के लिए आवश्यक है।

### जहां से रद्द हुई कार्यकारिणी बैठक, वहीं से शुरू हो : गौरव सोलंकी



करंट क्राइम। पार्षद गौरव सोलंकी ने कहा है कि कार्यकारिणी बैठक जो रद्द हुई थी, उसे वहीं से फिर से शुरू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे जो अधूरे रह गए थे, उन्हें पूरा किया जा सकेगा और आगे की कार्रवाई शुरू हो सकेगी। जिन लोगों के पैनल में नाम आए हैं उन पर ही दो बार सहमति की जाए यदि प्रत्याशी बदल गए तो इसका मैसेज षड्यंत्र के तहत गलत जाएगा। आने वाली कार्यकारिणी की बैठक में जो महापौर व नगर आयुक्त का फैसला होगा वह सभी को मान्य होगा।

### जहां से बैठक खत्म हुई, वहीं से पूरी होनी चाहिए : प्रवीण चौधरी



करंट क्राइम : गाजियाबाद नगर निगम के सीनियर पार्षद प्रवीण चौधरी का कहना है की कार्यकारिणी चुनाव में बैठक जहां से खत्म हुई थी। वहीं से शुरू होनी चाहिए। यह पूरी प्रक्रिया कराई जानी चाहिए। बाकी बैठक का फैसला महापौर का निर्णय जब मिलेगा, तब उसका पालन किया जाएगा।

### भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि अभी मेरा कुछ नहीं है कहना



करंट क्राइम : इस बारे में जब भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से बातचीत की गई कि कार्यकारिणी का चुनाव कब होना चाहिए। क्या पुराने नाम ही मैदान में रहेंगे या कोई नया फैसला लिया जाएगा। तो उनका कहना था इस मामले में अभी उन्हें कुछ नहीं कहना है।

### कार्यकारिणी चुनाव दोबारा होने पर पैनल भी दोबारा तैयार हो: संजय सिंह



करंट क्राइम। पार्षद संजय सिंह ने कहा है कि यदि कार्यकारिणी चुनाव दोबारा होता है, तो पैनल भी दोबारा तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन जिसका भी नाम तय करेगा, वह सभी पार्षदों को मान्य होगा। पार्षद संजय सिंह ने संगठन की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि संगठन के निर्णय को सभी पार्षद मानेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन के नाम पर सभी पार्षदों को एकजुट होना होगा।

### नए लोगों को मिले मौका कार्यकारिणी चुनाव लड़ने का : मदन राय



करंट क्राइम। पार्षद मदन राय ने कहा है कि कार्यकारिणी चुनाव में नए लोगों को भी मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे नई पार्षदों को आगे आने का अवसर मिलेगा और संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इससे संगठन में नई ऊर्जा और विचारों का संचार होगा। उन्होंने कहा कि नए लोगों को मौका देने से संगठन की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी।

### कार्यकारिणी बैठक रदद् कर निगम एक्ट का दुरुपयोग : हिमांशु शर्मा



करंट क्राइम। पार्षद हिमांशु शर्मा ने बताया कि कार्यकारिणी बैठक स्थगित करके नगर निगम एक्ट का दुरुपयोग किया गया है। बैठक आपातकालीन स्थिति में ही रद्द की जाती है, यदि अब कोई प्रत्याशी बदल गया तो हंगामा होगा। बैठक वहीं से शुरू हो जहां से रद्द हुई है इससे संगठन की भूमिका पर भी कोई पर संचय नहीं लगता यदि प्रत्याशी बदल जाता है तो हंगामा निश्चित होगा।

# खोड़ा नगर पालिका में अध्यक्ष और पूर्व अध्यक्ष के बीच शुरू हुई आरोप वार

## पूर्व अध्यक्ष भूख हड़ताल पर और वर्तमान अध्यक्ष ने दिया जवाब





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। खोड़ा नगर पालिका की समस्याओं को लेकर खोड़ा की पूर्व चेयरमैन रीना भाटी जहां भूख हड़ताल पर बैठ गई है। वहीं दूसरी तरफ खोड़ा नगर पालिका की मौजूदा चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने रीना भाटी के आरोपों को गलत बताया और उन्होंने रीना भाटी के कार्यकाल के कई कामों की जांच कराने की मांग की। फिलहाल मोहिनी शर्मा ने क्षेत्र की जनता को अपना जवाब दिया है और उन्होंने जहां अपने कराए कामों की जानकारी दी वहीं उन्होंने खोड़ा की पूर्व चेयरमैन रीना भाटी के कार्यकाल की कई कामों की जांच करने की मांग उठा दी। फिलहाल खोड़ा की पूर्व चेयरमैन रीना भाटी भूख हड़ताल पर हैं। उन्होंने खोड़ा चेयरमैन मोहिनी शर्मा और खोड़ा के अधिशासी अधिकारी अभिषेक चौधरी पर आरोप लगाए हैं।

### हमने कराए हैं खोड़ा में काम और जनहित मेरी प्रथम प्राथमिकता: मोहिनी शर्मा

करंट क्राइम। खोड़ा नगर पालिका परिषद की चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने धरने को विपक्ष का झूठ बताया और कहा कि इससे गुमराह नहीं होना है। मोहिनी शर्मा ने प्रैसनोट जारी किया और कहा कि खोड़ा की जनता को पानी के लिये जब हमने अधिकारियों से बात की तो हमें जवाब मिला कि हमारे पास जमीन नहीं। इसलिये पानी नहीं आ सकता। हमने सबसे पहले 16 बीघा जमीन खरीदी और जमीन जल निगम को हैंडओवर की, प्रस्ताव बनाकर दिया, डीपीआर का पैसा जमा किया इसके बाद पानी उपलब्ध कराने की पूरी जिम्मेदारी सरकार की थी। हमारा जो काम था वह हमने करके दिया। सरकार ने 187 करोड़ का टेंडर पास किया और उनके मंत्रियों ने ही डिक्लेयर किया और फिर उन्होंने ही इस योजना को निरस्त बताया। जब विधायक, सांसद, मंत्री और प्रदेश में इनकी सरकार है तो फिर योजना कैसे रद्द हुई और इसमें चेयरमैन का दोष कहां है। मोहिनी शर्मा ने पानी को लेकर विस्तार से बात रखी और कहा कि जो छह वर्ष तक चेयरमैन रही है उनकी जांच कराई जाए। जो छह साल से कूड़ा इकट्ठा था, जिसे वर्तमान में हमने उठवाया, उस छह साल के कूड़ा उठाने के नाम पर जो फंड निकाला गया, वह पैसा कहां गया जबकि कूड़ा तो उठा ही नहीं। मोहिनी शर्मा ने कहा कि यह लगभग एक लाख 30 हजार मीट्रिक टन कूड़ा था। मोहिनी शर्मा ने कहा कि पिछली चेयरमैन के कार्यकाल में खोड़ा में हर घर पर नंबर प्लेट लगाने के नाम पर 200 रुपए की वसूली की गई जबकि हमने 75 प्रतिशत घरों में निशुल्क नंबर प्लेट लगवा दी है और 25 प्रतिशत में काम चल रहा है, वो भी जल्द पूरा हो जाएगा। मोहिनी शर्मा ने आरोप लगाए कि पिछले पांच-छह साल में टैक्स के नाम पर जो वसूली और गुंडगर्दी हुई है उसी को कवर करने के लिये धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का गंगा वाटर योजना से कोई लेना देना नहीं है, तो फिर नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन क्यों किया जा रहा है। अगर खोड़ा की जनता के लिये गंगा वाटर उपलब्ध कराने की इनकी मंशा सही होती तो ये धरना स्थानीय विधायक और कैबिनेट मंत्री के घर के बाहर होता। उत्तर प्रदेश सरकारके खिलाफ होता और इनके सांसद, विधायक, सभासद इसमें गंगा वाटर लाने के लिये सरकार पर दबाव बनाते या धरने पर बैठते। मोहिनी शर्मा ने कहा कि खोड़ा की जनता के हितों के लिये काम करना मेरी प्राथमिकता है। पिछले 20-22 वर्षों से मैं और मेरे पति खोड़ा वासियों के हितों के लिये सजग थे, सजग हैं और सजग रहेंगे।

### जब तक नहीं मिलेगा जवाब, मैं बैठूंगी भूख हड़ताल पर : रीना भाटी

करंट क्राइम( खोड़ा की पूर्व नगर पालिका चेयरमैन रीना भाटी ने भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और अधूरे चुनावी वादों के खिलाफ खोड़ा नगर पालिका परिषद में भूख हड़ताल शुरू कर दी है। रीना भाटी ने कहा कि नगर पालिका में लगातार भ्रष्टाचार और जनता से धोखा हो रहा है। विकास कार्यों में गड़बड़ी और जनता से किये गये वादों पर अनदेखी हो रही है। भूख हड़ताल पर बैठी रीना भाटी ने आउट सोर्सिंग से लगाए गए कर्मचारियों की वास्तविक संख्या की जांच की मांग की। नगर पालिका में डीजल चोरी का आरोप लगाया और कूड़ा निस्तारण का खर्च कई गुणा बढ़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि मौजूदा अध्यक्ष मोहिनी शर्मा ने चुनाव ने गंगा जल आपूर्ति का वादा किया था, लेकिन पेयजल समस्या अब तक जस की तस है। रीना भाटी ने साफ कहा कि जब तक इन सभी मुद्दों पर लिखित पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलेगा और दोषियों को सजा नहीं दी जाएगी तब तक मैं भूख हड़ताल पर बैठी रहूंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता के पैसों की लूट और चुनावी वादा खिलाफी अब और सहन नहीं की जाएगी और नगर पालिका प्रशासन को हर हाल में जवाब देना होगा।

# आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक का दो वर्ष का कार्यकाल रहा है गजब

## नगर आयुक्त के रूप में दिया है एक सकारात्मक विजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के 2 वर्ष पूर्ण होने पर नगर निगम के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और शहरवासियों ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर निगम की बड़ी उपलब्धियों और विकास कार्यों पर चर्चा हुई। पिछले 24 महीनों में नगर निगम गाजियाबाद ने शासन से 1000 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट स्वीकृत कराए, जिससे शहर के विकास की गति और तेज हुई। निगम की आय 200 करोड़ से बढ़कर 600 करोड़ के पार पहुँच गई, जबकि देनदारी 300 करोड़ से घटकर केवल 60 करोड़ रह गई। निगम का कुल बजट भी 3722 करोड़ तक पहुँचा, जो आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ी उपलब्धि है।



इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज, मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी, माननीय पार्षदों और स्थानीय निवासियों ने नगर आयुक्त को बधाई दी और उनके कार्यकाल की सराहना की।

### हाईटेक और आधुनिक गाजियाबाद

- इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर, 311 एप्लीकेशन, व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम और माई जीएनएन ऐप से जन समस्याओं के समाधान में तेजी आई।
- बायोडायवर्सिटी पार्क, उपवन योजना, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, काफ्र्स प्लांट, वर्किंग वूमेन हॉस्टल, सीनियर सिटीजन केयर सेंटर, गंगा जल आपूर्ति योजना जैसे 1000 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट तेजी से प्रगति पर हैं।
- इंदिरापुरम का हैंडओवर और ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज 2025 में चयन जैसी उपलब्धियों ने गाजियाबाद का मान राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया।



### पर्यावरण और सौंदर्यकरण पर फोकस

करंट क्राइम। नगर आयुक्त के नेतृत्व में तालाबों का पुनजीर्वीकरण, वायु गुणवत्ता सुधार के लिए मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग, एंटी स्मोक गन, 16 स्थानों पर मियावाकी पद्धति से पौधारोपण और ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशनों का विस्तार किया गया। शहर की छवि सुधारने के लिए मुख्य प्रवेश द्वार और चौराहों के सौंदर्यकरण की योजना भी तैयार की जा चुकी है।

### स्वच्छता और जनभागीदारी

करंट क्राइम। स्वच्छ मोहल्ला स्क्वॉड और जन-जागरूकता अभियानों ने गाजियाबाद को स्वच्छता मिशन में अलग पहचान दिलाई। नगर निगम की टीम लगातार शहर को सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाने में जुटी है।

# जीएसटी दरों में कमी, एक ऐतिहासिक कदम : पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती को ऐतिहासिक कदम करार दिया है। उन्होंने कहा कि पहली बार सरकार ने जीएसटी की रिकॉर्ड वसूली का लाभ सीधे उपभोक्ताओं को दिया है।

त्यागी ने कहा कि आमतौर पर सरकारें चुनावी समय में कर घटाकर वोट बटोरने का प्रयास करती हैं, लेकिन इस बार सामान्य समय में दरों में कमी करके जनता को राहत दी गई है। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू करते समय सरकार ने वादा किया था कि जैसे-जैसे कर वसूली बढ़ेगी, वैसे-वैसे उसका लाभ जनता को कर दरों में कमी कर दिया जाएगा। आज वही वादा पूरा होता दिख रहा है। पूर्व मंत्री ने नगर निगम की वसूली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि नगर निगम ने रिकॉर्ड कर वसूली का दावा किया है, लेकिन उसकी सत्यता तभी प्रमाणित होगी जब वह भी कर दरों में कटौती कर उपभोक्ताओं को राहत दे।

# जीएसटी कानून पर मोदी सरकार का दशहरा-दिवाली गिफ्ट

## किसानों, आम आदमी और मिडिल क्लास को मिलेगा सीधा लाभ : प्रधानमंत्री



















**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाते हुए जीएसटी दरों पर बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत अब जीएसटी की सिर्फ दो दरें पांच और 12 प्रतिशत होंगी। 12 और 28 प्रतिशत के स्लैब को खत्म करने के फैसले पर जीएसटी काउंसिल ने सर्वसम्मति से मुहर लगा दी है। वहीं, जीएसटी काउंसिल के द्वारा लिए फैसलों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुशी जाहिर की।

**पीएम मोदी ने एक्स पर किया पोस्ट :** पीएम मोदी ने कहा कि जीएसटी की दरों में बदलाव से आम आदमी, किसानों और मिडिल क्लास को मिलेगा सीधा फायदा होगा। पीएम मोदी एक्स पर पोस्ट किया कि अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण के दौरान, मैंने जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार लाने के हमारे इरादे के बारे में बात की थी।

आगे पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने व्यापक जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने और प्रक्रियागत सुधारों के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया था, जिसका उद्देश्य आम आदमी के जीवन को आसान बनाना और अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

**आम आदमी, किसानों, एमएसएमई को होगा लाभ- पीएम :** साथ ही बोले यह बताते हुए खुशी हो रही है कि केंद्र और राज्यों की जीएसटी परिषद ने जीएसटी दरों में कटौती और सुधारों पर केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर सामूहिक रूप से सहमति व्यक्त की है, जिससे आम आदमी, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा।


**नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाएंगे- पीएम :** पीएम ने कहा कि व्यापक सुधार हमारे नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाएंगे और सभी के लिए, विशेष रूप से छोटे व्यापारियों और व्यवसायों के लिए व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करेंगे। यह फैसला महंगाई से जूझ रही आम जनता के लिए बड़ा राहत देने वाला और अर्थव्यवस्था को बूस्टर डोज देने वाला साबित हो सकता है।

**जीसएसटी दरों में कटौती का विभिन्न क्षेत्रों ने किया स्वागत :** शीर्ष निर्यातक संगठन फियो ने जीएसटी परिषद के फैसलों का स्वागत करते हुए कहा कि सात दिन के भीतर रिफंड निपटान की प्रतिबद्धता सही दिशा में उठाया गया कदम है और इससे निर्यातकों पर नकदी से जुड़ा दबाव काफी हद तक कम होगा।

### पान मसाला, सिगरेट और गुटखा पर 40 फीसदी 'स्पेशल जीएसटी' : वित्त मंत्री

जहां केंद्र सरकार ने आवश्यकता की वस्तुओं पर जीएसटी शून्य कर दिया है तो वहीं विलासिता और हानिकारक वस्तुओं पर टैक्स बढ़ा दिया है। जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में तंबाकू उत्पादों पर 40 प्रतिशत टैक्स लगाने पर मुहर लगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हानिकारक वस्तुओं पर **40% का अलग जीएसटी स्लैब लगेगा :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि हानिकारक वस्तुओं पर जीएसटी का एक अलग स्लैब लगेगा, जो 40 प्रतिशत होगा। पान मसाला, सिगरेट, गुटखा, चबाने वाला तंबाकू, जर्दा, एडेड शुगर, काबोर्नेटेड ड्रिंक्स, पर्सनल यूज वाले एयरक्राफ्ट, लग्जरी कार और फास्ट फूड पर 40 प्रतिशत कर लगेगा। कैसीनो, रेस क्लब, या आईपीएल जैसे खेल आयोजनों में प्रवेश पर जीएसटी 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है। कैसीनो, रेस क्लब, या आईपीएल जैसे खेल आयोजनों में प्रवेश पर जीएसटी 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है। किसी रेस क्लब में सट्टेबाजों को लाइसेंस देने के लिए सेवाएं, जुआ, घुड़दौड़, लॉटरी और ऑनलाइन मनी गेमिंग भी 40 प्रतिशत जीएसटी के दायरे में आ गए हैं। अगर कोई व्यक्ति निजी उपयोग के लिए विमान लेता है तो उसे 40 प्रतिशत जीएसटी देना पड़ेगा। मोटर कारें और अन्य मोटर वाहन जो मुख्य रूप से व्यक्तियों के परिवहन के लिए डिजाइन किए गए हैं, रेसिंग कारें शामिल हैं। अगर कोई व्यक्ति निजी उपयोग के लिए विमान लेता है तो उसे 40 प्रतिशत जीएसटी देना पड़ेगा। साथ ही, आनंद या खेल के लिए नौका और अन्य जहाज लेते हैं तो उन्हें भारी भरकम 40 फीसदी कर देना पड़ेगा। रिवॉल्वर और पिस्तौल पर भी जीएसटी का दायरा बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है।




# बिहार में रहा संपूर्ण शटडाउन

## पटना समेत पूरे बिहार में दिखाई दिया असर

बेगूसराय में एनएच 31 किया जाम

जमुई में सड़क जाम कर विरोध

बेगूसराय में बंद का दिखा असर

सीतामढ़ी में बंद के दौरान प्रदर्शन

नवादा में भी दिखा बंद का असर

सारण में दिखा बंद का असर

बेतिया में सड़कें रही सूनी

हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच 22 पर नारेबाजी



बेगूसराय में महिला मोर्चा का बिहार बंद

आरा में सड़क जाम कर विरोध

**पटना।** महागठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी मां को विरुद्ध अभद्र भाषा विवाद को लेकर गुरुवार को एनडीए की मातृशक्ति ने बिहार बंद का आह्वान किया है। आपात कालीन सेवा को बंद से मुक्त रखा गया है। प्रदेशव्यापी बिहार बंद में भाजपा, जदयू, लोजपा(रा), हम (हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा) एवं रालोमो (राष्ट्रीय लोक मोर्चा) की नेत्रियां सड़क उतरेंगी। बिहार बंद समर्थकों ने सुबह सात से 12 बजे तक बंद की घोषणा की है। बंद से रेल सेवा को भी मुक्त रखा गया है।

एनडीए नेत्रियों का आरोप है कि घटना बिहार को कलंकित करने वाली है। मां भगवान की प्रतिमूर्ति होती है। मां अपनी कोख में नौ महीने बच्चे को रखती है। फिर कैसे किसी राजनीतिक मंच से मां को भद्दी भद्दी गालियां दी जा सकती हैं? जो हमें भगवान की तरह पाल-पोस कर बड़ा करती हैं, क्या कोई उसी मां को गाली देने के विषय में सोच सकता है? एनडीए का बिहार बंद को लेकर बलिया स्टेशन चौक पर एनएच 31 जाम कर आवाज बुलंद करते कार्यकर्ता, मौके पर सीओ रवि कुमार अपनी ड्यूटी पर तैनात। राजग का बिहार बंद को लेकर मुख्यालय के कचहरी चौक पर सड़क जाम कर विरोध जताते कार्यकर्ता। मोदी जी की मां का अपमान नहीं सहेंगे के नारे लगाए जा रहे।

बंद को सफल बनाने में खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, जदयू विधायक राजकुमार सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष व कार्यकर्ता हर-हर महादेव के नारे लगाते हुए सड़क पर उतरकर यातायात परिचालन बंद कराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को गाली देने के विरोध में बिहार बंद के दौरान शहर प्रदर्शन करती एनडीए की महिला नेत्री और अन्य नेता। नवादा के प्रजातंत्र चौक पर बंद कराते एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ता नावकोठी थाना चौक को जाम करते राजग कार्यकर्ता। चारा ले जाते किसान भी जाम में फंसे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां पर किए गए अपमान जनक टिप्पणी के खिलाफ भाजपा के बिहार बंद का बेतिया में साफ असर दिख रहा है। सड़के सूनी है, बहुत कम सवारियां चल रही है। एनएच पर भी वाहनों की रफ्तार थम गई है।

हाजीपुर में एनडीए कार्यकताओं ने कई जगह पर सड़क जामकर नारेबाजी की।

# दिल्ली वालों की जान पर आफत!

## 207.47 मीटर पहुंचा यमुना का जलस्तर

### निगमबोध घाट पानी से हुआ लबालब अंतिम संस्कार तक नहीं हो पा रहा



### दिल्ली सचिवालय तक पहुंचा बाढ़ का पानी, रिलीफ कैंप डूबा



### यमुना का जलस्तर बढ़ने से ओल्ड वजीराबाद ब्रिज वाहनों के लिए बंद

**नई दिल्ली।** यमुना में लगातार बढ़ रहे जलस्तर से देश की राजधानी दिल्ली के कुछ इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। बाढ़ के कारण हजारों लोग बेघर हो गए हैं। अब शहर के भीतरी हिस्सों में भी पानी भरने का खतरा बढ़ गया है।

वहीं, हथिनीकुंड बैराज से बुधवार सुबह से लेकर रात तक छोड़े जा रहे पानी को दिल्ली आते देखकर ये साफ है कि पानी जल्द कम नहीं होगा। देर रात यमुना का जलस्तर 207.40 मीटर तक पहुंच गया था। केंद्रीय जल आयोग ने सूचना जारी की है कि दिल्ली में पानी और बढ़ सकता है।

इससे आशंका है कि दिल्ली में यमुना का जलस्तर 208 मीटर तक पहुंच सकता है। यदि ऐसा होता है तो 2023 की बाढ़ की तरह आउटर रिंग रोड और कश्मीरी गेट आईएसबीटी तक पानी पहुंचने के आसार हैं। इससे दिल्ली में न केवल आवागमन बाधित हो सकता है बल्कि बड़े पैमाने पर जनजीवन प्रभावित होने का खतरा भी है।

**मयूर विहार-फेज 1 के पास बनाए गए राहत शिविरों में पानी :** वहीं, दिल्ली में लगातार बारिश और यमुना नदी में उफान की वजह से मयूर विहार-फेज 1 के पास बनाए गए राहत शिविरों में पानी भर गया है। दिल्ली के सिविल लाइंस में बेला रोड पर उफनती यमुना नदी का पानी घुसने से वाहन डूब गए, इमारतें जलमग्न हो गईं।

**निचले इलाकों में रहने वालों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा :** बाढ़ की आशंका को देखते हुए यमुना नदी के पास निचले इलाकों में रहने वालों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। दिल्ली में लोहा पुल और आसपास के इलाकों में लगातार बारिश के बाद यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

यमुना के जलस्तर का असर राजधानी के सबसे बड़े श्मशान घाट निगमबोध पर भी पड़ा है। बुधवार शाम को पूरी तरह बाढ़ की चपेट में आने से यहां अंतिम संस्कार की प्रक्रिया रोक दी गई है। घाट परिसर में कई फीट तक पानी भर गया है। यमुना का पानी बहकर रिंग रोड तक पहुंच गया है। प्रशासन ने निगमबोध घाट को बचाने के लिए कई प्रयास किए।

यमुना की ओर मिट्टी भरकर बोरे लगाकर पानी को रोकने की कोशिश की गई लेकिन पानी के बढ़ते दबाव के आगे यह प्रयास नाकाम साबित हुए। घाट की एक तरफ दीवार का कुछ हिस्सा भी टूट गई जिससे पानी का प्रवाह और तेज हो गया। बाढ़ नियंत्रण विभाग और एमसीडी की टीमें मौके पर मौजूद हैं और हालात पर नजर रखे हुए हैं।

# आईसीआईएम ने मोदी सरकार के 'नेक्स्ट-जन जीएसटी सुधारों' का किया स्वागत

## उद्योग, व्यापार और आम आदमी के लिए सबसे बड़ा सकारात्मक परिवर्तन : सतेंद्र सिंह



### सुधारों की मुख्य विशेषताएँ

- स्वास्थ्य क्षेत्र में राहत : जीवन रक्षक दवाओं को शून्य दर, अन्य दवाओं और कई मेडिकल उपकरणों को 5% पर लाया गया।
- बीमा क्षेत्र में फायदा : जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों को GST से मुक्त किया गया।
- रोजमर्रा की वस्तुएँ सस्ती : दूध, पनीर और भारतीय ब्रेड पर कोई टैक्स नहीं, एनआईएल दर पर, जबकि साबुन, टूथपेस्ट, साइकिल व किचनवेयर केवल 5% पर।
- ऑटो और निर्माण : छोटे वाहन, टू-व्हीलर, बस, एम्बुलेंस और सीमेंट पर 18%।
- सेवाओं में राहत : जिम, योग, नाई की सेवाएँ व बजट होटल (7,500 रुपए तक) पर केवल 5%।
- एमएसएमई और निर्यात : नकदी प्रवाह बेहतर होगा और टैक्स विवाद कम होंगे।




### आम आदमी के लिए फायदे

- बीमा और दवाएँ सस्ती होंगी।
- रोजमर्रा की वस्तुओं व मेडिकल उपकरणों पर खर्च कम होगा।
- छोटे वाहन और सीमेंट पर कर घटने से घर बनाने और परिवहन की लागत कम होगी।
- जिम, योग और सैलून सेवाएँ अधिक किफायती होंगी।

**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** इंडियन काउंसिल ऑफ इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट (आईसीआईएम) ने केंद्र सरकार द्वारा घोषित ऐतिहासिक नेक्स्ट-जनरेशन जीएसटी सुधारों का स्वागत किया है। संगठन ने कहा कि यह कदम न केवल उद्योगों की प्रतिस्पर्धा क्षमता को बढ़ाएगा बल्कि आम नागरिकों के जीवन को भी आसान और सस्ता बनाएगा।

आईसीआईएम के चेयरमैन सतेंद्र सिंह ने कहा कि यह सुधार पैकेज जीएसटी लागू होने के बाद का सबसे बड़ा कदम है। सरकार ने कर संरचना को सरल बनाते हुए अब केवल दो दरें झ 5% और 18% रखी हैं, जबकि कुछ लक्जरी और डिमेरिट वस्तुओं पर 40% कर लगेगा।

**उद्योगों को सीधा लाभ :** आईसीआईएम ने कहा कि नई संरचना से टैक्स अनुपालन आसान होगा, इनपुट लागत घटेगी और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। जल्द ही जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) शुरू होकर विवादों का त्वरित निस्तारण करेगा।

### आईसीआईएम की तैयारी

संगठन अपने सदस्यों को गाइडलाइन और ट्रेनिंग देने के लिए एचएसएन-वार दर गाइड, वेबिनार और हेल्पडेस्क की व्यवस्था करेगा।

सतेंद्र सिंह ने कहा, नेक्स्ट-जन जीएसटी सुधार भारत की अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक कदम हैं। यह सुधार उद्योगों को मजबूती देंगे और आम नागरिकों की जेब पर सीधा सकारात्मक असर डालेंगे। आईसीआईएम इस परिवर्तन के क्रियान्वयन में उद्योगों को हर संभव सहयोग देगा।

# बिहार में चुनाव की तारीखों का ऐलान!

## नवंबर के शुरुआत में वोटिंग संभव!

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग के सूत्रों के मुताबिक बिहार में नई विधानसभा चुनने के लिए नवंबर के पहले और दूसरे हफ्ते में मतदान संभव है। दुगार्पूजा के बाद अक्टूबर के पहले हफ्ते या दूसरे हफ्ते के शुरूआती दिनों में निर्वाचन आयोग बिहार विधानसभा के चुनावी कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है।

### 22 नवंबर से पहले हो जाएगा नई विधानसभा का गठन

चुनाव आयोग दिवाली और छठ पूजा के बाद बिहार में मतदान की तारीख जारी करेगा। मतदान के लिए कार्तिक पूर्णिमा पर्व का भी ध्यान रखा जाएगा। सूत्रों के अनुसार दो या फिर तीन चरणों में मतदान कराए जाने की संभावना है। 22 नवंबर से पहले नई विधानसभा के गठन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।




**5 से 15 नवंबर के बीच मतदान संभव :** लिहाजा 5 से 15 नवंबर के बीच मतदान संभव है। मतगणना और नतीजे 20 नवंबर से पहले ही आ जाएंगे। वैसे भी सामान्य परिपाटी के अनुसार रक्क्के बाद बिहार में मतदाता सूची के फाइनल प्रकाशन के बाद ही निर्वाचन आयोग बिहार में चुनाव की घोषणा करेगा।

आयोग की टीम इसी महीने राज्य का दौरा कर चुनावी तैयारियों का जायजा लेगी। इस बार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण हुआ है तो आयोग के साथ बैठक में राजनीतिक पार्टियां ये मुद्दा भी उठा सकती हैं।

### 90 हजार से अधिक बूथ

इस बार राज्य में हर बूथ पर अधिकतम 1200 मतदाता होने के नए नियम का पहली बार पालन हो रहा है। लिहाजा बूथों की संख्या भी करीब 77 हजार से बढ़कर 90 हजार से अधिक हो जाएगी। यानी करीब 13 हजार नए बूथों के लिए सभी इंतजाम नए सिरे से करने होंगे।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# जीएसटी में मिली रियायत का समाज के सभी वर्गों ने किया स्वागत

## चिकित्सा से लेकर रोजमर्रा की वस्तुओं पर जनता को मिली बड़ी राहत




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में कटौती किये जाने के बाद इस फैसले का समाज के सभी वर्गों ने स्वागत किया है। चिकित्सा और शिक्षा से जुड़े लोगों ने, कारोबारियों ने इस फैसले की प्रशंसा की है। उन्होंने इस दीपावली से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनता को दिया गया एक बड़ा तोहफा बताया है। लोगों का कहना है कि जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी शून्य किये जाने के बाद मध्यम वर्गीय परिवारों को एक बड़ी राहत मिलेगी। वहीं रोजमर्रा की वस्तुओं पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत किये जाने से गरीब वर्ग और निम्न मध्यम वर्गीय लोग राहत महसूस करेंगे। शिक्षा सामग्री पर जीएसटी समाप्त होने से अभिभावकों को एक राहत होगी। शिक्षा-स्वास्थ्य चिकित्सा से जुड़े विशेषज्ञ इसे स्वागत योग्य कदम मान रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम ने यशोदा ग्रुप के सीएमडी डॉ. पीएन अरोड़ा से बात की, समरकूल समूह के चेयरमैन संजीव गुप्ता से बात की, लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष डॉ. अतुल जैन से उनकी राय जानी वहीं सांसद-विधायक और मंत्रियों के साथ-साथ व्यापार मंडल के नेताओं से भी बात की। सभी ने एक स्वर में इस फैसले को स्वागत योग्य बताया है। उनका कहना है कि इस फैसले से आम जनता को खासतौर से मिडिल क्लास वर्ग को बड़ी राहत मिली है।

### जीएसटी सुधारों से देश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती : सांसद अतुल गर्ग



गाजियाबाद, करंट क्राइम। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती आम जनता के साथ-साथ कारोबारियों और उद्योग जगत के लिए भी ऐतिहासिक राहत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह निर्णय दशार्ता है कि सरकार महंगाई कम करने और लोगों की जिंदगी आसान बनाने के लिए ठोस कदम उठा रही है। अतुल गर्ग ने कहा कि जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा को करमुक्त करना गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए सुरक्षा कवच है। वहीं दवाओं और मेडिकल उपकरणों पर कर दर कम होने से इलाज और स्वास्थ्य सेवाएँ और सस्ती होंगी। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा की वस्तुओं और शिक्षा सामग्री पर जीएसटी घटाना घर-घर को राहत देगा और मध्यम वर्गीय परिवारों को टीवी, एसी, वाशिंग मशीन जैसे उपकरणों पर कर दर कम होने से विशेष लाभ मिलेगा। सांसद गर्ग ने कहा कि इन सुधारों से बाजारों में रौनक लौटेगी, निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का यह निर्णय भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

### जीएसटी दरों में कटौती से गरीब और मध्यम वर्ग को राहत : कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। साहिबाबाद विधायक एवं कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती को ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली से पहले जनता को बड़ी राहत दी है। सुनील शर्मा ने कहा कि जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी शून्य कर दिया गया है, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को सीधी मदद मिलेगी। इसी तरह शैंपू, टूथपेस्ट, मक्खन, घी जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं पर कर 12% से घटाकर 5% करना आम आदमी को राहत देने वाला कदम है। पेंसिल, शार्पनर और नोटबुक पर कर हटाना विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि टीवी, एसी और वाशिंग मशीन जैसे घरेलू उपकरणों पर कर को 28% से घटाकर 18% करना मध्यम वर्ग के लिए राहत की बात है। साथ ही कारोबारियों और उद्यमियों को भी इससे फायदा होगा, जिससे व्यापार को नई गति और रोजगार को नए अवसर मिलेंगे। मंत्री शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार का यह फैसला महंगाई से जूझ रही जनता के लिए संजीवनी है और भारत को आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मजबूत कदम साबित होगा।

### जीएसटी कटौती से आमजन को मिली बड़ी राहत : राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप



गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा एमएलसी एवं मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती ने गरीब, किसान, व्यापारी और मध्यम वर्ग सभी को राहत दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह फैसला दिवाली से पहले जनता के लिए वास्तविक तोहफा है। कश्यप ने कहा कि बीमा क्षेत्र को करमुक्त करना गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए सुरक्षा कवच जैसा है। वहीं रोजमर्रा की वस्तुओं और शिक्षा सामग्री पर कर घटाने से सीधे तौर पर घर-घर को लाभ मिलेगा। टीवी, एसी और वाशिंग मशीन जैसे उपकरणों पर कर कम होने से मध्यम वर्गीय परिवारों का बोझ भी हल्का होगा। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल आम उपभोक्ताओं को राहत देगा बल्कि व्यापार और उद्योग जगत को भी गति देगा। इससे नए निवेश होंगे और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कश्यप ने कहा कि यह सुधार भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

### जीएसटी सुधारों से इलाज और दवाएँ होंगी सस्ती : पी.एन. अरोड़ा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। यशोदा मेडिसिटी के निदेशक पी.एन. अरोड़ा ने केंद्र सरकार के हालिया जीएसटी सुधारों को स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बड़ा राहतकारी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी को शून्य और अन्य आवश्यक दवाओं व कई मेडिकल उपकरणों को 5% कर स्लैब में लाना मरीजों और उनके परिजनों का आर्थिक बोझ कम करेगा। अरोड़ा ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा को करमुक्त करना गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए ऐतिहासिक कदम है। अब अधिक लोग आसानी से बीमा योजनाओं से जुड़ सकेंगे और समय पर इलाज का लाभ उठा पाएंगे। इससे मरीजों को दीर्घकालिक सुरक्षा मिलेगी और निजी अस्पतालों में इलाज की पहुँच बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल उपकरणों और उपभोग की वस्तुओं पर कर दर कम होने से अस्पतालों की लागत भी घटेगी, जिसका सीधा लाभ मरीजों तक पहुँचेगा। सर्जिकल उपकरण, डायग्नोस्टिक किट और अन्य जरूरी स्वास्थ्य सेवाएँ पहले की तुलना में सस्ती होंगी। अरोड़ा ने कहा कि मोदी सरकार का यह निर्णय स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ और किफायती बनाएगा। इससे देश के लाखों मरीजों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

### जीएसटी सुधारों से जनता को राहत और अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिलेगी : विधायक अजित पाल त्यागी



गाजियाबाद, करंट क्राइम। मुरादनगर विधायक अजित पाल त्यागी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती न केवल आम जनता को राहत देने वाली है, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह दिखा दिया है कि उनकी सरकार केवल चुनावी वादों के लिए नहीं, बल्कि जनहित को सर्वोपरि रखकर फैसले लेती है। विधायक त्यागी ने कहा कि बीमा क्षेत्र में कर हटाने का निर्णय गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए ऐतिहासिक है। जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी शून्य कर दिए जाने से लोग अब ज्यादा सुरक्षित महसूस करेंगे। वहीं, शैंपू, टूथपेस्ट, मक्खन और घी जैसी रोजमर्रा की वस्तुएँ 5% कर पर मिलने से घर-घर को सीधा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा सामग्री जैसे पेंसिल, शार्पनर, नोटबुक और रबर पर कर समाप्त करना विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए राहत भरा कदम है। मध्यम वर्ग के लिए टीवी, एसी और वाशिंग मशीन पर जीएसटी को 28% से घटाकर 18% किया जाना बड़ा निर्णय है, जिससे महंगाई का बोझ कम होगा और त्योहारों के सीजन में बाजारों में उत्साह बढ़ेगा।

### समर कूल के चेयरमैन संजीव गुप्ता ने कहा, 'जीएसटी कटौती से कारोबार को नई रफ्तार'



गाजियाबाद, करंट क्राइम। समर कूल के चेयरमैन संजीव गुप्ता ने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से उद्योगों और कारोबारियों को सीधा लाभ मिलेगा। घरेलू उपकरणों और मशीनरी पर कर घटने से निर्माण लागत कम होगी और उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह कदम उद्योग जगत में निवेश को बढ़ावा देगा और नए अवसर खोलेगा।

### जनता को दिवाली का तोहफा : पिलखुवा चेयरमैन विभु बंसल



पिलखुवा, करंट क्राइम। नगर पालिका चेयरमैन विभु बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी दरों में कटौती कर गरीब और मध्यम वर्ग को दिवाली से पहले बड़ी राहत दी है। रोजमर्रा के सामान और शिक्षा सामग्री पर कर घटाना जनता की जेब पर बोझ कम करेगा।

### जीएसटी कटौती से गरीब और मध्यम वर्ग को सीधी राहत : विधायक नंदकिशोर गुर्जर



गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती गरीब, किसान, व्यापारी और मध्यम वर्ग सभी के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह साबित किया है कि उनकी सरकार आमजन की जेब पर बोझ कम करने के लिए लगातार काम कर रही है। गुर्जर ने कहा कि जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा को करमुक्त करना गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी है। रोजमर्रा की वस्तुओं जैसे शैंपू, टूथपेस्ट, मक्खन और घी पर कर घटाने से सीधे तौर पर आम घर-घर को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि पेंसिल, शार्पनर और नोटबुक जैसी शिक्षा सामग्री पर कर समाप्त करना विद्यार्थियों और अभिभावकों को बड़ी राहत देगा। वहीं टीवी, एसी और वाशिंग मशीन जैसे उपकरणों पर कर दर घटाकर 18% करना मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए खासतौर पर राहतकारी है। विधायक गुर्जर ने कहा कि यह सुधार न केवल उपभोक्ताओं को फायदा देंगे बल्कि व्यापार और उद्योग जगत को नई रफ्तार देंगे। इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे और भारत को आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प और मजबूत होगा।

### जीएसटी दरों में कटौती से आमजन को बड़ी राहत : एमएलसी दिनेश गोयल



गाजियाबाद, करंट क्राइम। एमएलसी दिनेश गोयल ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में की गई कटौती को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली से पहले जनता को बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि बीमा पर जीएसटी हटाना गरीब और मध्यम वर्ग के लिए लाभकारी है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर कर घटाने और टीवी, वाशिंग मशीन व एसी पर जीएसटी को 28% से घटाकर 18% करने से उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा। दिनेश गोयल ने कहा कि इससे कारोबार को बढ़ावा मिलेगा और देश विकसित व आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा।

### मोदी सरकार का दिवाली तोहफा, जीएसटी दरों में कटौती : संजीव शर्मा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी की दरों में कमी करके देश की जनता को दिवाली का तोहफा दिया है। यह कहना है शहर विधायक संजीव शर्मा का, जिन्होंने केंद्र सरकार के इस फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बीमा क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी पूरी तरह हटा दिया गया है। अब इन पर कोई टैक्स नहीं लगेगा, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को सीधी राहत मिलेगी।दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर भी कर दरों में भारी कमी की गई है। शैंपू, टूथपेस्ट, मक्खन और घी जैसे सामान पर अब 12 प्रतिशत की जगह केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। शिक्षा से जुड़ी पेंसिल, शार्पनर, नोटबुक और रबर पर कर पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है, जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों को फायदा होगा। मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए सरकार ने एसी, टीवी और वाशिंग मशीन जैसी वस्तुओं पर जीएसटी दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी है। इस फैसले से न केवल आम जनता को राहत मिलेगी बल्कि कारोबारियों और उद्यमियों के लिए भी यह बड़ा सहारा साबित होगा। विधायक संजीव शर्मा का कहना है कि जीएसटी की दरों में कमी से कारोबार को बढ़ावा मिलेगा, उद्योगों को गति मिलेगी और नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। त्योहारों के मौसम में बाजारों में रौनक और बढ़ेगी और जनता को सस्ते सामान का लाभ मिलेगा।

### प्रवर्तन और सरलीकरण पर घोषणाएं होती तो और भी अच्छा होता : डॉ. अतुल जैन



गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ. अतुल जैन ने जीएसटी सुधारों का स्वागत करते हुए कहा कि इससे आम जनता को बहुत बडी राहत मिलेगी। जरूरत के सामानों की कीमत में कमी आने से घर खर्च कम होगा। सरकार के इस फैसले से सामानों का उपयोग बढेगा और इससे उद्योग जगत भी फलेगा फुलेगा। उन्होंने कहा कि और भी बेहतर होता अगर सरकार जीएसटी के प्रवर्तन से जुडे कार्यों को और सरल बना देती। उद्योग जगत प्रवर्तन और जीएसटी के सचल दल की कार्रवाई को लेकर हमेशा से ही परेशान रहता है। जीएसटी दरों में तो बदलाव कर दिया गया है लेकिन सरलीकरण नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि यह एक निरंतर प्रक्रिया है। हो सकता है कि अगली बार जीएसटी के सरलीकरण पर घोषणाएं हो जाए। कुल मिलाकर जीएसटी की दरों में बदलावा से उद्योग जगत बेहद खुश है और प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री का आभार जताता है।

### जीएसटी दरों में कमी से आम नागरिकों को मिला वास्तविक लाभ : ललित जायसवाल



गाजियाबाद, करंट क्राइम। सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती आम नागरिकों के लिए बड़ी राहत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कदम स्पष्ट करता है कि सरकार जनहित को सर्वोपरि मानकर निर्णय ले रही है। जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा को करमुक्त करने से मध्यम और गरीब वर्गीय परिवारों पर से बोझ कम होगा। दवाओं और मेडिकल उपकरणों पर कर घटाने से मरीजों को सीधे तौर पर राहत पहुँचेगी। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा की वस्तुओं और शिक्षा सामग्री पर कर कम करना घर-घर को फायदा देने वाला कदम है। वहीं घरेलू उपकरणों पर कर घटने से मध्यम वर्ग को राहत और बाजार में नई ऊर्जा आएगी। ललित जायसवाल ने कहा कि इन सुधारों से आम जनता के साथ-साथ व्यापार जगत को भी मजबूती मिलेगी और देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।

### जीएसटी दरों में कटौती ऐतिहासिक, जनता को मिला दिवाली से पहले तोहफा : पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल



गाजियाबाद, करंट क्राइम। पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम गरीब, किसान, व्यापारी और मध्यम वर्ग सभी के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली से पहले जनता को वास्तविक तोहफा दिया है। अनिल अग्रवाल ने कहा कि जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर कर हटाना गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को आर्थिक सुरक्षा देने वाला बड़ा निर्णय है। वहीं दवाओं और मेडिकल उपकरणों पर कर दर कम होने से इलाज की लागत घटेगी और आम मरीजों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि शैंपू, टूथपेस्ट, मक्खन, घी जैसी रोजमर्रा की वस्तुएँ और पेंसिल, शार्पनर, नोटबुक जैसी शिक्षा सामग्री सस्ती होना हर परिवार को सीधा लाभ देने वाला कदम है। वहीं टीवी, एसी और वाशिंग मशीन पर कर दर घटाना मध्यम वर्ग के लिए बेहद राहतकारी है। पूर्व सांसद ने कहा कि इस निर्णय से व्यापार और उद्योग जगत को भी नई गति मिलेगी। निवेश बढ़ेगा, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और भारत को आत्मनिर्भर तथा विकसित राष्ट्र बनाने का सपना और मजबूत होगा।

### भाजपा नेता एवं व्यवसायी अनिल सांवरिया ने कहा, 'छोटे दुकानदारों के लिए राहत'



गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा नेता व व्यवसायी अनिल सवारिया ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती छोटे दुकानदारों और खुदरा व्यापारियों के लिए संजीवनी है। रोजमर्रा की वस्तुएँ सस्ती होने से बाजार में रौनक बढ़ेगी और कारोबारियों का मनोबल ऊँचा होगा।

### व्यापारियों की लंबे समय से मांग पूरी : व्यापारी नेता आशोक अग्रवाल



गाजियाबाद। व्यापारी नेता आशोक अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी में राहत लंबे समय से कारोबारियों की मांग थी। कर दरें घटने से कारोबार आसान होगा, ग्राहक बढ़ेंगे और व्यापार को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह फैसला व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों के हित में है।

### टैक्स का बोझ कम होगा, उद्योगों को बढावा मिलेगा: डॉ. श्वेता चौधरी



गाजियाबाद, करंट क्राइम। संतोष हॉस्पिटल की जीएम डॉ. श्वेता चौधरी का कहना है कि बुधवार को जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी के 4 स्लैब 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत में बदलाव कर अब सिर्फ दो स्लैब कर दिए। इससे आम लोगों के साथ सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। महंगाई दर पर भी काबू पाया जा सकता है। इस फैसले से आम जरूरत की चीजें जैसे साबुन, शैंपू के साथ एसी कार भी सस्ते होंगे। दूध, रोटी, पिज्जा ब्रेड, छेना समेत कई फूड आइटम जीएसटी फ्री कर दिया गया है। इससे घर का बजट कम होगा। इंडिविजुअल हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर भी टैक्स नहीं लगेगा। 33 जीवन रक्षक दवाएं, दुर्लभ बीमारियों और गंभीर बीमारियों के लिए दवाएं भी टैक्स फ्री होंगी। उन्होंने कहा कि लग्जरी आइटम्स पर अब 28 प्रतिशत की जगह 40 प्रतिशत जीएसटी लगाने के फैसले का स्वागत है। पैसे वालों पर ही इसका असर पडेगा। शराब और तंबाकू प्रॉडक्ट्स महंगे होने से सेवन कम होगा। मध्यम और बड़ी कारें, 350सीसी से ज्यादा इंजन वाली मोटरसाइकिलें इस स्लैब में आएंगे। उन्होंने कहा कि इन बदलावों का मकसद आम आदमी को राहत देना, छोटे व्यवसायों को सपोर्ट करना और हानिकारक उत्पादों जैसे तंबाकू पर टैक्स बढ़ाकर उनके उपयोग को कम करना है। जीएसटी-2.0 का मकसद टैक्स ढांचे को सरल बनाना, आम लोगों पर टैक्स का बोझ कम करना, और छोटे उद्योगों को बढ़ावा देना है। इसके अलावा, इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर को ठीक करना है। इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर तब होता है जब कच्चे माल पर जीएसटी की दर तैयार उत्पाद से ज्यादा होती है। इससे उत्पादन महंगा हो जाता है, क्योंकि निमार्ता को कच्चे माल पर ज्यादा टैक्स देना पड़ता है, लेकिन तैयार माल पर कम टैक्स मिलता है।

### किसान और आमजन के हित में कदम : पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी



गाजियाबाद, करंट क्राइम। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से किसान, व्यापारी और आमजन सभी को लाभ मिलेगा। बीमा और दवाओं पर कर हटाना गरीब परिवारों के लिए बड़ा सहारा है।

### व्यवसाय और रोजगार को बढ़ावा : भाजपा नेता पिंटू तोमर



गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा नेता पिंटू तोमर ने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से व्यवसाय करना आसान होगा और नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का यह कदम देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा।

### मध्यम वर्ग को सबसे बड़ी राहत : भाजपा नेता अनुज मित्तल



गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा नेता अनुज मित्तल ने कहा कि एसी, टीवी और वाशिंग मशीन जैसे उपकरणों पर कर घटाना मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत है। इससे त्योहारों के मौसम में खरीदारी बढ़ेगी और आम लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।




### सुधारों का लाभ आम उपभोक्ता को मिले कंपनियां ना ले पाए, इसका ध्यान सरकार को रखना होगा: देवेंद्र हितकारी



गाजियाबाद, करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के मेरठ मंडल उपाध्यक्ष देवेंद्र हितकारी ने कहा कि जीएसटी की दरों में कमी करने से आम उपभोक्ता को तो फायदा होगा लेकिन सरकार को कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाने का भी प्रावधान करना चाहिए। सरकार ने सभी सामानों पर जीएसटी की दरों में कटौती कर दी है लेकिन इसका आम उपभोक्ता को तब लाभ मिलेगा जब कंपनियां पहले वाली कीमत में ही सामान बनाएगी। उन्होंने कहा कि कंपनियां सामानों की कीमत तो वहीं रखती है लेकिन वजन कम कर देती है। इसे उदाहरण के तौर पर समझा जा सकता है कि एक किलो देसी घी की कीमत पांच सौ रुपए थी, आज भी पांच सौ रुपए भी है लेकिन वजन आठ सौ ग्राम कर दिया है। ऐसे ही अनेक प्रॉडक्ट्स है, जिनकी कीमत नहीं बढी है लेकिन क्वांटिटी कम कर दी है। सरकार को इस पर ध्यान देना होगा। उद्योग जगत सरकार के इस फैसले का तहेदिल से स्वागत करता है। व्यापारी जगत में उल्लास है लेकिन इसका लाभ आम जनता को मिले, कंपनियां न ले जाए, इसका ध्यान सरकार को रखना होगा।

## संपादकीय

# हिमाचल में राष्ट्रीय आपदा

बादलों ने इस बार ऊपर से जख्म भेजे हैं, खुद को पौंछते जमीन रोने लगी है। पूरे हिमाचल का क्रंदन अब हर किसी के आंसुओं में भरा, तो तफ्तीश हमारे वजूद की होने लगी। एक अकेले पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने सुना तो अपील मजबूत हुई कि इस बार राष्ट्रीय आपदा की तरह हिमाचल को देखा जाए। विधानसभा सदन के भीतर राष्ट्रीय आपदा घोषित होने का सफर हिमाचल के जर्रे-जर्रे में गूंजा। वो हमीरपुर के धंसते चबूतरा गांव में सुना जा रहा है कि पूरे हिमाचल में राष्ट्रीय आपदा आ गई है। वहां धंसते दर्जन भर घरों में देखा जाए, तो हर नींव पर राष्ट्रीय आपदा का विध्वंस खड़ा है। मौसम विभाग के अनुमानों की अर्थियां निकल गईं और निकल गए विकास के घोड़े। नितिन गडकरी के भूतल परिवहन मंत्रालय से ही केंद्र सरकार पूछ ले तो हर फोरलेन पर राष्ट्रीय आपदा का भोकाल खड़ा है। हिमालय की नदियों से पूछा जाए कि वे अपनी सोहबत, अपनी रफ्तार और अपनी मंजिल क्यों भूल गईं। देश को भाखड़ा, पंडोह व पौंग बांध की क्षमता से बाहर भागते पानी को देखकर अंदाजा हो जाना चाहिए कि वहां आपदा किस कद्र अनियंत्रित व विकराल है। वहां सूचनाएं व साहस एक साथ मर रहे हैं, वह प्रकृति का रोष और प्रकृति का आक्रोश है। आश्चर्य यह कि धार्मिक यात्राएं रुक गईं, लोग श्रद्धा के दामन में आकर विचलित हुए। सूने रह गए इस बार चंबा के लंगर, आधे रास्ते से लौट गई संगत। मणिमहेश यात्रा विकराल यादों के सन्नाटे में सो गई, तो कई प्रश्न उठेंगे, कई पूछे जाएंगे। क्या हम वाकई तैयार हैं या भीड़ में पर्यटन को नहीं समझ रहे।

हिमाचल की चोटियां चढ़ जाना पर्यटन नहीं और न ही धार्मिक आस्था का बाजार खोल देना हमारी मंजिल होनी चाहिए। चंबा में प्रकृति के ताबूत क्यों बने। क्यों सदियों की यात्रा परंपरा बाधित हुई या गायब मुहानों से घर लौटना मुश्किल हुआ। आपात स्थिति में हिमाचल को राहत से जोडा इतना आसान नहीं कि सब कुछ शिमला के सहारे संभव हो जाए। इस बार सोशल मीडिया के अलग-अलग पक्ष देखे गए। कहीं सदमे, तो कहीं कुछ सकारात्मक रिपोर्टिंग के पल भी देखे गए। आपदा में मणिमहेश यात्रा ने बता दिया कि अब रूटीन में अपने आप नहीं होंगे आयोजन। ऐसी यात्राओं की मंत्रणा विभागीय या प्रशासनिक स्तर से कहीं ऊपर स्वयं मुख्यमंत्री का दखल चाहती है। हम स्थायी व्यवस्था की मांग में एक अलग से मेला विकास प्राधिकरण की मांग करते रहे हैं। भटके और अटके यात्रियों की गवाह बनी हमारी गलियां बता रही हैं कि हमारा प्रबंधन अभी गंभीर नहीं। यह एक ऐसा धार्मिक ट्रैकिंग अभियान है जो हर कदम पर सुरक्षा और एहतियात के साथ ही आगे बढे की अनुमति देने की मांग करता है। पिछले वर्षों से यात्रा रोमांच में बदलती रही है और यात्री वैयक्तिक उन्माद से इसे भी मनोरंजन स्थल मानने लगे थे। मणिमहेश को चार दिन की चांदनी समझने वालों ने धर्म के नाम पर जिस सामान को सुविधा के लिए वहां पहुंचाया, वही कचरा और आपत्तिजनक सामग्री अब शिकायत कर रही है। अंततः पर्यटन का यह स्वरूप पहाड़ों को मंजूर नहीं। पर्यटन विकास से ज्यादा अब पर्यटक सुरक्षा पर हिमाचल को इंतजाम कर लेने चाहिए।

# जीएसटी परिषद के फैसलों के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 150 अंक चढ़ा




**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 150.30 अंक उछलकर 80,718.01 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 19.25 अंक की बढ़त के साथ 24,715.05 पर बंद हुआ। सूचकांक में भारी वजन रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंफोसिस के शेयरों में बिकवाली के कारण गुरुवार को शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद हुआ। आम इस्तेमाल की व्यक्तिगत वस्तुओं और दैनिक आवश्यक उत्पादों पर जीएसटी दर में कटौती की घोषणा के बाद बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स 150 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे गिरकर 88.16 (अनंतिम) पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 150.30 अंक या 0.19 प्रतिशत उछलकर 80,718.01 अंक पर बंद हुआ। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 888.96 अंक या 1.10 प्रतिशत बढ़कर 81,456.67 अंक पर पहुंच गया। हालांकि, बाद में बड़ी कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली के कारण दिन के उच्चतम स्तर से नीचे आ गया।

वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 19.25 अंक या 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,734.30 पर आ गया। शुरूआती कारोबार में यह 265.7 अंक या 1.07 प्रतिशत बढ़कर 24,980.75 अंक पर पहुंच गया था।

शुरूआती कारोबार में ऑटो और एमएमसीजी शेयरों में भारी खरीदारी हुई लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा कि निफ्टी ने नई जीएसटी दरों को लेकर आशावाद के चलते गैप-अप के साथ मजबूत शुरूआत की, लेकिन दूसरे भाग में मुनाफावसूली ने शुरूआती बढ़त को खत्म कर दिया।

### जीएसटी परिषद के फैसलों का दिखा असर

बाजार पर जीएसटी कानून के ढांचे में हुए बड़े बदलाव का भी असर देखने को मिला। जीएसटी 2.0 में रोटी/पराठा से लेकर हेयर ऑयल, आइसक्रीम और टीवी तक आम उपयोग की वस्तुएं सस्ती होंगी। नए एलानों के बाद स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर टैक्स का बोझ शून्य हो जाएगा। बुधवार को जीएसटी परिषद ने जटिल वस्तु व सेवा कर व्यवस्था में पूर्ण बदलाव को मंजूरी दे दी। परिषद ने स्लैब को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत तक सीमित करने को मंजूरी दे दी है। यह 22 सितंबर, नवरात्रि के पहले दिन से प्रभावी होगा।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे अधिक 5.96 प्रतिशत की तेजी आई। बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक भी लाभ में रहे। वहीं मारुति सुजुकी इंडिया, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एचसीएल टेक, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, इंफोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर पिछड़ गए।

# जीएसटी सुधारों को पीयूष गोयल ने बताया 'गेम चेंजर' कहा- फार्मा से लेकर एमएसएमई को होगा लाभ

**नई दिल्ली।** उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जीएसटी सुधारों को परिवर्तनकारी करार दिया। उन्होंने कहा कि इसका फार्मा से लेकर हमारे एमएसएमई तक अनेक क्षेत्रों को लाभ होगा।यह कदम 2047 तक विकसित भारत बनने की यात्रा में आने वाले महीनों और वर्षों में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जीएसटी सुधारों को परिवर्तनकारी बताया है। उन्होंने उद्योग जगत से इसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने को कहा है। इंडिया मेडटेक एक्सपो 2025 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि जीएसटी में कटौती से हर उपभोक्ता को लाभ होगा।

### अनेक क्षेत्रों पर इसका सकारात्मक असर पडेगा

गोयल ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में की गई अनेक पहलों के फलस्वरूप कल जीएसटी में अप्रत्यक्ष करों में जो सुधार किया गया, वह परिवर्तनकारी है। इसका फार्मा क्षेत्र को लाभ होगा। साथ ही किसान से लेकर हमारे एमएसएमई तक अनेक क्षेत्रों पर इसका सकारात्मक असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि देश के



प्रत्येक हितधारक, प्रत्येक उपभोक्ता को इसका लाभ मिलेगा। जीएसटी सुधारों को ₹गेम चेंजर₹ करार देते हुए मंत्री ने कहा कि यह कदम 2047 तक विकसित भारत बनने की यात्रा में आने वाले महीनों और वर्षों में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### जीएसटी में किए गए बड़े बदलाव

जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक के बाद बीते दिन यानी बुधवार को जीएसटी से जुड़े कई बड़े बदलाव सामने आए। जीएसटी परिषद की ओर से जीएसटी व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन को मंजूरी दिए जाने के बाद जीएसटी परिषद ने स्लैब को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत तक सीमित करने को मंजूरी दी। यह 22 सितंबर यानी नवरात्रि के पहले दिन से प्रभावी होंगे।

# डॉ. राधाकृष्णन : शिक्षा और दर्शन के अग्रदूत : डॉ. पूनम शिशौदिया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोहिया नगर स्थित राणा प्रताप हा० सै० स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. पूनम शिशौदिया ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन भारत के महान दार्शनिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सम्मान में मनाया जाता है। डॉ. शिशौदिया ने बताया कि 5 सितंबर को उनकी जयंती के उपलक्ष्य में, 1962 से इस दिन को देशभर में 'शिक्षक दिवस' के रूप में मनाने की शुरूआत हुई थी।

### शिक्षक: ज्ञान का प्रकाश और जीवन के मार्गदर्शक

**करंट क्राइम।** अपने संबोधन में, डॉ. शिशौदिया ने शिक्षकों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, शिक्षक हमारे जीवन से अज्ञानता के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश भरते हैं। उन्होंने शिक्षकों की तुलना एक कुम्हार से की जो मिट्टी को आकार देता है, ठीक वैसे ही शिक्षक अपने ज्ञान से छात्रों के जीवन को एक नई दिशा देते हैं। उनके अनुसार, शिक्षक हमें सिर्फ पढ़ाते नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमारे भविष्य को भी आकार देते हैं।

### गुरु-शिष्य परंपरा और सम्मान

**करंट क्राइम।** डॉ. शिशौदिया ने प्रसिद्ध दोहे 'गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पायं' का उल्लेख करते हुए गुरु के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस वह अवसर है जब छात्र अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि माँ हमारी पहली गुरु होती है और हर माँ का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है।

शिक्षक दिवस के अवसर पर, स्कूलों और कॉलेजों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें निबंध, चित्रकला, और भाषण प्रतियोगिताएं शामिल थीं। छात्रों ने अपने शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए भाषण और कविताएं भी प्रस्तुत कीं। डॉ. शिशौदिया ने अपने संबोधन का समापन करते हुए कहा कि 'पूरी दुनिया में गुरु के समान कोई दानी नहीं है और शिष्य के समान कोई याचक नहीं है।' उन्होंने सभी शिक्षकों को उनके अमूल्य योगदान के लिए आभार प्रकट किया और हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- साल 1950 तक, संसद में ऑक्सफोर्ड के भूतपूर्व छात्र के लिए हमेशा दो सीटों की गारंटी थी।
- दुनिया का सबसे पुराना उद्देश्य-निर्मित संग्रहालय (आधिकारिक तौर पर साल 1683 में खोला गया) ऑक्सफोर्ड का एशमोलेन संग्रहालय है।
- क्या आप जानते हैं? गृह युद्ध (1642 – 1646) के दौरान ऑक्सफोर्ड इंग्लैंड की राजधानी थी।
- एलिस इन वंडरलैंड से एलिस वास्तव में एलिस लिडेल नामक एक असली लड़की थी। असली एलिस, लुईस के एक कॉलेज मित्र – क्राइस्ट चर्च में डीन की पुत्री थी।
- होलीवेल म्यूजिक रूम (1748) यूरोप में सबसे पुराना संगीत प्रदर्शन कक्ष है।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के कुछ वास्तव में 'विचित्र रस्मों-रिवाज' हैं। जैसे की, अपनी परीक्षा पूरी करने वाले छात्रों पर अंडे और पास्ता सॉस फेंकना।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों ने 158 ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते हैं!

## राशिफल

**मेष:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष:** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क:** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह:** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या:** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला:** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक:** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु:** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर:** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन:** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

सावधान- फेसबुक और व्हाट्सएप' का
साईड इफेक्ट सामने आ रहे हैं...
कल एक आदमी
अखबार में छपे फोटो को भी
ऊंगलियो से जूम कर रहा था...

टीचर : बेटा, बताओ सबसे तेज क्या होता है?
पप्पू : सर, दिमाग!
टीचर : शाबाशङ्ग और सबसे धीरे क्या चलता है?
पप्पू : जीङ्ग मेरा दिमाग!

पत्नी : सुनो जी, मैं सुंदर लग रही हूँ न?
पति : बहुत!
पत्नी : किस जैसी?
पति : गूगल मैप जैसी झ्र दूर से ठीक लगती हो,
पास से रास्ता ही नहीं मिलता!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 05 09 2025 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


सेलेब्रिटी जन्मदिन



आशा भट्ट
अभिनेत्री



जायन आसिफ | सुरभि शर्मा | सीमा | शिवानी मित्तल



पुष्पा प्रसाद | हिना रानी | श्वेता शर्मा | सोनिया चौधरी | योगेंद्र कुमार



चेतन गौर | राजीव भाटी | दिनेश शर्मा | विश्वबंधु शास्त्री | राजेश मिश्रा | जाकिर अल्वी



सोनू त्यागी | ललित गुप्ता | नमित रोशन लाल जैन | पंकज मित्तल | प्रमोद कुमार | एड. राजीव गुर्जर



विनय भारद्वाज | राजेंद्र यादव | रजनीश पंडित | सचिन पंवार | सचिन चौधरी



तुषार शर्मा | इमरान अहमद | सोनू त्यागी | अश्वनी अग्रवाल | विनय भारद्वाज | गोलू

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

# पश्चिम क्षेत्र के लिए गायकवाड़ ने जड़ा शतक

## स्कोर 360 के पार ; दक्षिण क्षेत्र बड़े स्कोर की ओर

**नई दिल्ली।** दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले खेले जा रहे हैं। पहले मैच में साउथ जोन का सामना नॉर्थ जोन से हो रहा है, जिसमें दिन का खेल समाप्त होने तक साउथ जोन ने तीन विकेट पर 297 रन बना लिए। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल मैच में वेस्ट जोन ने सेंट्रल जोन के खिलाफ स्टंप्स तक छह विकेट पर 363 बनाए हैं।



### साउथ जोन बनाम नॉर्थ जोन -पहला सेमीफाइनल-पहला दिन

तनमय अग्रवाल और नारायन जगदीशन के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई, जिसे निशांत सिंधू ने तोड़ा। उन्होंने तनमय अग्रवाल को अपना शिकार बनाया। वह 99 गेंदों में 43 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज जगदीशन को देवदत्त पडिक्कल का साथ मिला। दोनों के बीच 128 रन की साझेदारी हुई। साउथ जोन को दूसरा झटका 231 के स्कोर पर लगा। अंशुल कंबोज ने पडिक्कल को वाधवान के हाथों कैच आउट कराया। वह 71 गेंदों में 57 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस दौरान जगदीशन ने अपना शतक पूरा किया। वह 260 गेंदों में 148 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। उनका साथ देने के लिए कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन 11 रन बनाकर मौजूद हैं। नॉर्थ जोन के लिए निशांत सिंधू ने दो और अंशुल कंबोज ने एक विकेट झटका।

### वेस्ट जोन बनाम सेंट्रल जोन (दूसरा सेमीफाइनल-पहला दिन)

ऋतुराज गायकवाड़ ने यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर की नाकामी की भरपाई करते हुए 184 रन की शानदार पारी खेली जिससे वेस्ट जोन ने गुरुवार को दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन सेंट्रल जोन के खिलाफ छह विकेट पर 363 रन बनाकर वापसी की। दिन का खेल खत्म होने पर तनुश कोटियान (नाबाद 65) और शारदुल ठाकुर (नाबाद 24) बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस 'बी' मैदान पर क्रीज पर डटे थे। दिन के स्टार गायकवाड़ रहे जिन्होंने पिछले महीने बुची बाबू टूनार्मेंट में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ महाराष्ट्र के लिए 133 रन की पारी खेलने के बाद लगातार दूसरा शतक जड़ा। उन्होंने अपनी पारी में 206 गेंद का सामना किया।

गायकवाड़ मध्यक्रम में तब बल्लेबाजी के लिए आए जब पश्चिम क्षेत्र की टीम जायसवाल (04 रन) और हार्विक देसाई (01) के विकेट गंवाने के बाद दो विकेट पर 10 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। जायसवाल को तेज गेंदबाज खलील अहमद ने आउट किया जबकि हार्विक ने दीपक चाहर की गेंद पर पहली स्लिप में यश राठौड़ को आसान कैच थमा दिया। गायकवाड़ ने इसके बाद आर्य देसाई के साथ तीसरे विकेट के लिए 90 रन की उपयोगी साझेदारी की और वेस्ट जोन की टीम को वापसी दिलाने की कोशिश की। गायकवाड़ ने अर्धशतक 85 गेंद में पूरा किया लेकिन दोपहर के सत्र में उन्होंने 131 गेंद में 100 रन पूरे किए और इस तरह दूसरा अर्धशतक केवल 51 गेंद में पूरा हुआ। गायकवाड़ ने सेंट्रल जोन के बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे और ऑफ स्पिनर सारांश जैन के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। उन्होंने लेट कट और स्क्वायर कट का बेहतरीन इस्तेमाल किया और इन क्षेत्र में 15 चौके सहित लगभग 100 रन बनाए। इससे स्पिनरों को सीधी लाइन अपनाने पर मजबूर होना पड़ा और धीमी पिच पर महाराष्ट्र के बल्लेबाजों एक या दो रन लेने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई।

# पहले क्वार्टर का खेल समाप्त

## मलयेशिया ने भारत पर 1-0 से बढ़त बनाई

**बिहार।** बिहार के राजगीर में जारी हॉकी एशिया कप 2025 में भारतीय हॉकी टीम का सामना आज मलयेशिया से हो रहा है। सुपर-4 चरण में यह मेजबानों का दूसरा मैच है, जिसमें भारतीय टीम अपने विजयी अभियान को जारी रखने का उद्देश्य लेकर उतरी है। पहले क्वार्टर में मलयेशिया ने अच्छी शुरूआत करते हुए भारत पर 1-0 की बढ़त बना ली है। उनके लिए शफीक हसन ने गोल दागा। दूसरे क्वार्टर में भारत वापसी करना चाहेगा।



### 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ था भारत बनाम कोरिया मैच

मेजबान भारत ने बुधवार को एशिया कप के सुपर चार चरण के अपने पहले मैच में गत चैंपियन कोरिया के खिलाफ कड़े मुकाबले में 2-2 से ड्रॉ खेलकर अपना अपराजेय अभियान जारी रखा। हार्दिक सिंह (8वें मिनट) ने भारत को शुरूआती बढ़त दिलाई जिसके बाद यांग जिहुन (12वें मिनट) और ह्योनहोंग किम (14वें मिनट) ने लगातार गोल करके कोरिया को आगे कर दिया। मनदीप सिंह (52वें मिनट) ने अंतिम क्वार्टर में बराबरी हासिल की और भारत को एक अंक दिलाया।

### पूल चरण में अपराजेय रही भारतीय टीम

भारतीय हॉकी टीम पूल चरण में अपराजेय रही थी। उसने पूल ए में सारे मैच जीतकर सुपर 4 में जगह बनाई। हरमनप्रीत के नेतृत्व वाली टीम ने चीन को 4-3 से, जापान को 3-2 और कजाखस्तान को 15-0 से हराया।

# एनिसिमोवा ने लिया स्वियातेक से बदला, सिनर भी सेमीफाइनल में ; भांबरी का करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**वाशिंगटन।** आठवीं वरीयता प्राप्त अमांडा एनिसिमोवा ने इगा स्वियातेक को 6-4, 6-3 से हराकर अमेरिकी ओपन महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दो महीने पहले ही छह बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्वियातेक ने विंबलडन फाइनल में एनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराया था। क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ एनिसिमोवा ने स्वियातेक से बदला भी ले लिया। अमेरिका की एनिसिमोवा का यह तीसरा ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल है, लेकिन फ्लशिंग मीडोस पर वह पहली बार अंतिम चार में पहुंची हैं। अब उनका सामना चार बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका से होगा जिन्होंने कोको गॉफ को हराया था। उन्होंने सेमीफाइनल में 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को मात दी।



गत चैंपियन यानिक सिनर ने इटली के ही दसवीं रैंकिंग वाले लोरेंजो मुसेत्ती को 6-1, 6-4, 6-2 से हराकर अमेरिकी ओपन पुरूष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना 25वीं वरीयता वाले फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा जिन्होंने आठवीं रैंकिंग वाले एलेक्स डि मिनौर को 4-6, 7-6, 7-5, 7-6 से हराया। सिनर का यह लगातार पांचवां ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल है। अगर वह शुक्रवार को जीतते हैं तो इस साल चारों ग्रैंडस्लैम फाइनल पहुंचने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

भारत के युकी भांबरी अपने जोड़ीदार न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम पुरूष युगल के सेमीफाइनल में पहुंच गए। भांबरी और वीनस ने 11वीं वरीयता प्राप्त निकोला मेकटिच और राजीव राम को 6-3, 6-7, 6-3 से हराया। इससे पहले उन्होंने चौथी वरीयता प्राप्त जर्मनी के केविच क्रावीत्ज और टिम पुएत्ज को मात दी थी। 33 वर्ष के भांबरी चोटों से परेशान रहने के बाद एकल छोड़कर युगल पर फोकस कर रहे हैं। दुनिया के पूर्व जूनियर नंबर एक खिलाड़ी भांबरी का सीनियर ग्रैंडस्लैम में यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

उन्होंने जियो हॉटस्टार से कहा, 'यह बहुत ही रोमांचक अनुभव था। मैं काफी भावुक हो रहा हूं। मुझे खुशी है कि इतना कठिन मैच हम जीत सके। हमारी प्रतिद्वंद्वी जोड़ी काफी अनुभवी थी और उनके खिलाफ जीतना बहुत बड़ी बात है।' उन्होंने कहा, 'अभी तक का सफर अच्छा रहा है। मुझे खुशी है कि वीनस और मैं मिलकर अच्छा खेल पा रहे हैं।' इसके साथ ही पुरूष युगल में भारत का दबदबा लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना के बाद भांबरी ने बरकरार रखा है। अब भांबरी और वीनस का सामना छठी वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के जो सालिस्बरी और नील स्कूपस्की से होगा।

# महिला एशिया कप हॉकी में नए सिरे से शुरूआत करने उतरेगी भारतीय टीम, पहला मैच इस टीम से

**नई दिल्ली।** प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से परेशान भारतीय महिला हॉकी टीम अतीत की नाकामियों को भुलाकर शुक्रवार से शुरू हो रहे एशिया कप के पहले मैच में निचली रैंकिंग वाली थाईलैंड के खिलाफ जीत के साथ शुरूआत करने उतरेगी। विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम पूल बी के मैच में 30वीं रैंकिंग वाली थाईलैंड टीम से खेलेगी। भारत पूल में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है जिसमें जापान (12), थाईलैंड और सिंगापुर (31) भी है। पूल ए में चीन, दक्षिण कोरिया, मलयेशिया और चीनी ताइपे हैं।



चीन (चार) के बाद भारत टूनार्मेंट की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है। एशिया कप अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाइंग टूनार्मेंट भी है। थाईलैंड के बाद भारत का सामना शनिवार को जापान से और आठ सितंबर को सिंगापुर से होगा।

अनुभवी गोलकीपर सविता और ड्रैग फ्लिकर दीपिका को लगी चोटों से भारतीय टीम कमजोर हुई है। सविता टखने की चोट के कारण बाहर है जो उन्हें अभ्यास सत्र के दौरान लगी थी। दीपिका की जगह साक्षी खेल रही हैं। फॉरवर्ड और ड्रैग फ्लिकर दीपिका ने पिछले कुछ अर्से में शानदार प्रदर्शन किया है। इन दोनों के नहीं खेलने से कप्तान सलीमा टेटे, नवनीत कौर, उदिता, नेहा, शर्मिला देवी और लालरेम्सियामी पर अधिक दारोमदार होगा।

भारतीय महिला टीम का प्रदर्शन इस साल अच्छा नहीं रहा है और एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में आखिरी स्थान पर रहने के बाद टीम नीचे खिसक गई। भारत ने एशिया कप 2004 और 2017 में जीता है। भारत के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह को भी पता है कि प्रो लीग के खराब प्रदर्शन के बाद उन पर अच्छे प्रदर्शन का भारी दबाव होगा। भारत ने प्रो लीग के 16 मैचों में 100 से ज्यादा पेनल्टी कॉर्नर गंवाये जिनमे से 17 बेल्जियम के खिलाफ ही गंवा दिए। टूनार्मेंट में आठ टीमें भाग लेंगी और हर पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर 4 चरण में पहुंचेंगी। सुपर 4 चरण की शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को फाइनल खेलेंगी।

**भारतीय टीम :** बांसरी सोलंकी और बिछू देवी खारीबम (गोलकीपर), मनीषा चौहान, उदिता, ज्योति, सुमन देवी, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, नेहा, वैष्णवी फाल्के, सलीमा टेटे (कप्तान), शर्मिला देवी, लालरेम्सियामी, सुनेलिटा टोप्पो, नवनीत कौर, रूतुजा पिसाल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, साक्षी , संगीता कुमारी।

# फिडे ग्रैंड शतरंज में प्रज्ञानंद का सामना जैफ्री शियोंग से, बाकरोट से खेलेंगे गुकेश

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के नंबर एक खिलाड़ी आर प्रज्ञानंद फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज के पहले दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर जैफ्री शियोंग से खेलेंगे, जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश की टक्कर फ्रांस के एटियेने बाकरोट से होगी। ओपन वर्ग में 116 और महिला वर्ग में 56 खिलाड़ी 855000 डॉलर इनामी राशि के लिये मुकाबला करेंगे जिसमें से 625000 डॉलर पुरस्कार ओपन वर्ग में होगा। यह टूनार्मेंट अगले कैंडिडेट्स टूनार्मेंट के लिये क्वालिफायर है



शीर्ष वरीयता प्राप्त मैग्नस कार्लसन, फेबियानो कारुआना और हिकारू नकामूरा इसमें भाग नहीं ले रहे हैं। कार्लसन को क्लासिकल शतरंज पसंद नहीं है और वह विश्व चैंपियनशिप नहीं खेलते हैं। कारुआना कैंडिडेट्स के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं और नकामूरा को यकीन है कि जनवरी 2026 तक की औसत रैंकिंग के आधार पर वह जगह बना लेंगे। ओपन और महिला वर्ग से दो कोटा स्थान तय होंगे।

इन तीनों के नहीं खेलने से शीर्ष तीन वरीयता भारतीय खिलाड़ियों को मिली है। दुनिया के चौथे, पांचवें और छठे नंबर के खिलाड़ी प्रज्ञानानंदा, अर्जुन एरिगेसी और गुकेश खिताब के प्रबल दावेदार होंगे। महिला विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख भी ओपन वर्ग में उतरेंगी जो महिला कैंडिडेट्स के लिये क्वालिफाई कर चुकी हैं। वह महिला वर्ग में भाग नहनीं ले रही हैं। पहले दौर में उनका सामना हमवतन अभिमन्यु पुराणिक से होगा।

भारत के 15 खिलाड़ी ओपन में और तीन महिला वर्ग में उतरेंगे। महिला वर्ग में डी हरिका, पिछली विजेता आर वैशाली और वंतिका अग्रवाल भाग लेंगे। कोनेरू हम्पी महिला कैंडिडेट्स के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं इसलिये यहां नहीं खेल रही हैं।

# 14 अक्तूबर को होगा सिंगापुर के खिलाफ एशिया कप का क्वालिफायर मैच, ये शहर करेगा मेजबानी



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम सिंगापुर के खिलाफ एएफसी एशिया कप ग्रुप सी के आखिरी दौर का क्वालिफायर मैच 14 अक्तूबर को खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। एआईएफएफ ने बताया कि दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला गोवा में खेला जाएगा।

एआईएफएफ ने सोशल मीडिया पर कहा, 'एएफसी एशियाई कप ग्रुप सी का आखिरी दौर का क्वालिफायर भारत और सिंगापुर के बीच 14 अक्तूबर को गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर होगा।' पहले चरण का मैच सिंगापुर के नेशनल स्टेडियम पर नौ अक्तूबर को खेला जाएगा। सिंगापुर इस समय एक जीत और एक ड्रॉ के साथ शीर्ष पर है, जबकि भारत एक ड्रॉ और एक हार के साथ सबसे नीचे है। ग्रुप के विजेता को सउदी अरब में 2027 एएफसी एशियाई कप में जगह मिलेगी।

# लोनी में बिजली विभाग की लापरवाही से एक और बैल की दर्दनाक मौत

**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी के विकास नगर से है। जंहा एक बुजुर्ग रामकुमार बैल बुग्गी चलाकर अपना जीवन यापन करते है। वह सुबह अपने घर से काम पर निकले थे। जब उनकी बैल बुग्गी विकास नगर के पास एक मोड़ पर पहुंची। तो वहाँ खुले में बिजली विभाग का ट्रांसफार्मर जमीन में ही खुले में रखा हुआ था।



जैसे ही बैल उसके नजदीक से निकला तो अचानक करंट ने बैल को अपनी चपेट में ले लिया। और बैल ने वंही तड़फ तड़फ कर अपने प्राण त्याग दिए। उसके बाद कुछ लोगो ने विधुत विभाग को फोन कर ट्रांसफार्मर की लाइट कटवाई। लोनी की यह कोई पहली घटना नही है। पिछले साल भी लोनी की सदुल्लाबद में इसी प्रकार की घटना हुई थी। तब भी अधिकारियों ने कुछ नही किया था। वही मौके पर ही बैल मालिक की पत्नी भी आ गयी जो इस भयावह हादसे को देखकर अपने बैल के ऊपर सिर रखकर जोर जोर से रोने लगी।

सूचना नगरपालिका कर्मचारियों को दी गयी। फिर आनन फानन में उन्होंने बगैर पोस्टमार्टम किए बैल का अंतिम संस्कार कर दिया। बैल मालिक ने थाना अंकुर विहार की डाबर तालाब में सिखायत दर्ज करने के लिए। प्रार्थना पत्र दिया है। लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई भी कार्यवाही नही की है। बैल मालिक रामकुमार ने भाजपा नेता रवि धामा गौरक्षक से कार्यवाही कराने के लिए संपर्क किया है। रवि धामा ने बताया कि हम अपनी टीम के साथ इस मामले को लेकर लोनी उपजिलाधिकारी से मिलेंगे। और जो भी दोषी हो उसके खिलाफ कार्यवाही हो व बैल मालिक को शासन की तरफ उचित मुवावजा दिलाया जाए। जिससे वह गरीब व्यक्ति अपना गुजर बसर कर सके।

# आईपीएल टिकटों पर 40% टैक्स

**नई दिल्ली।** भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरों का असर अब खेल जगत पर भी गहराई से पड़ने वाला है। हाल ही में जीएसटी काउंसिल ने स्लैब में बदलाव करते हुए खेल और उससे जुड़े आयोजनों पर टैक्स को लेकर महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।



### टिकट पर 40% जीएसटी

सबसे बड़ा बदलाव क्रिकेट के इंडियन प्रीमियर लीग (कढछ) जैसे आयोजनों पर देखने को मिलेगा। अब आईपीएल जैसे खेल आयोजनों में प्रवेश (टिकट) पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। इसका सीधा असर टिकट की कीमतों पर पड़ेगा और दर्शकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ सकता है। हालांकि, यह 40 प्रतिशत की दर सिर्फ आईपीएल जैसे आयोजनों पर लागू होगी।

### 500 रुपये से अधिक के टिकटों पर...

दूसरी ओर, मान्यता प्राप्त खेल आयोजनों पर यह भारी कर नहीं लगाया जाएगा। यदि किसी मान्यता प्राप्त खेल आयोजन का टिकट 500 रुपये तक है तो वह पहले की तरह जीएसटी से मुक्त रहेगा। वहीं 500 रुपये से अधिक कीमत वाले टिकटों पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी जारी रहेगा। यानी, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मान्यता प्राप्त खेल टूनार्मेंटों के दर्शकों पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाएगा।

इसके अलावा, जीएसटी परिषद ने सट्टेबाजी, जुए, लॉटरी, घुड़दौड़ और ऑनलाइन मनी गेमिंग जैसी गतिविधियों को भी 40 प्रतिशत कर दायरे में लाने का फैसला किया है। यह फैसला न केवल इन क्षेत्रों के कारोबार को प्रभावित करेगा बल्कि सरकार को अतिरिक्त राजस्व भी दिला सकता है।

### लोकप्रियता पर पड़ेगा असर?

कुल मिलाकर, जीएसटी स्लैब में बदलाव से खेल जगत में दोहरी तस्वीर उभर रही है। जहां एक तरफ आईपीएल जैसे फ्रेंचाइजी आधारित आयोजन महंगे होंगे, वहीं मान्यता प्राप्त खेल आयोजनों में दर्शकों के लिए राहत बनी रहेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह फैसला सरकार के राजस्व बढ़ाने की दिशा में अहम कदम है, लेकिन लंबे समय में इसका असर दर्शकों की भागीदारी और खेल आयोजनों की लोकप्रियता पर भी दिख सकता है।

# जसप्रीत बुमराह या शोएब अख्तर, कौन है ज्यादा घातक गेंदबाज?

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 से पहले, पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा से पूछा गया कि क्या पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को अतीत में सामना करना ज्यादा मुश्किल था या वर्तमान के भारतीय पेसर जसप्रीत बुमराह को। चोपड़ा ने इस सवाल का स्पष्ट और हैरान कर देने वाला जवाब दिया, जिससे सभी चौंक गए।



### दोनों गेंदबाजों की उपलब्धियां

चोपड़ा ने एक यूट्यूब चैनल 'क्रेक्स' से कहा 'मुझे लगता है बुमराह'। बुमराह के आंकड़ों की बात करें तो उन्होंने अब तक 48 टेस्ट मैचों में 219 विकेट, 89 वनडे मैचों में 149 विकेट, और 70 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 89 विकेट लिए हैं, जिससे उनकी क्षमता का पता लगता है। वहीं, शोएब अख्तर ने 46 टेस्ट में 178 विकेट, 163 वनडे में 247 विकेट और 15 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 19 विकेट लिए थे। अख्तर अपने समय के सबसे तेज गेंदबाजों में से एक रहे हैं। उनके नाम क्रिकेट की सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड है।

इंटरव्यू में चोपड़ा से एक और सवाल पूछा गया- ऐसा कौन सा बल्लेबाज है जिसे देखने के लिए वह खुद पैसे खर्च कर सकते हैं? इस पर उन्होंने भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का नाम लिया। उन्होंने बताया कि कोहली ने भले ही टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, और अब वह केवल अपने सबसे पसंदीदा वनडे क्रिकेट में सक्रिय हैं, लेकिन फिर भी वह उन्हें देखने के लिए पैसे खर्च करेंगे।

### एशिया कप में जितेश शर्मा का भविष्य

चोपड़ा ने एशिया कप टी20 से पहले टीम इंडिया के लिए एक और अहम अनुमान भी लगाया। उन्होंने कहा कि आगामी एशिया कप में जितेश शर्मा को प्लेइंग-11 में शामिल किया जा सकता है। चोपड़ा ने जितेश के आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन का हवाला देते हुए कहा कि उनके नंबर और स्ट्राइक रेट में बहुत सुधार आया है, जो नंबर चार से सात तक बल्लेबाजी क्रम में उन्हें सबसे ऊंचा दर्जा देते हैं।

आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मुझे लगता है कि जितेश शर्मा एशिया कप में इलेवन का हिस्सा होंगे। हमें पोजिशन एक से तीन पर ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है क्योंकि उन्हें वहां मौका नहीं मिलेगा, लेकिन चार से सात नंबर पर उनकी संख्याएं काफी बेहतर हुई हैं। उनका स्ट्राइक रेट 166 है और औसत 28 का है। वह पहले ऐसे बल्लेबाज हैं जिनका स्ट्राइक रेट 150 से ऊपर है। तो जब बैटिंग ऑर्डर तैयार होगा तो वह सबसे ऊपर होंगे। जितेश शर्मा की संख्याएं बाकी सभी के मुकाबले सबसे अच्छी लगी हैं। वह चमक रहे हैं और नंबर एक पर नजर आ रहे हैं। मैं सच में उम्मीद करता हूं कि उनका एशिया कप अच्छा जाए।'

### आरसीबी की जीत में जितेश की भूमिका

जितेश, जिन्होंने अब तक भारत के लिए नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (फ्छइ) की आईपीएल 2025 जीत में अहम कड़ी साबित हुए। उन्होंने बतौर फिनिशर 261 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 176 का रहा। इन प्रदर्शनों ने उन्हें भारत की टी20 टीम में एशिया कप के लिए दोबारा जगह दिलाने में मदद की, जो नौ से 28 सितंबर तक यूएई में खेला जाना है। भारत अपने अभियान की शुरूआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ मुकाबले से करेगा। 14 सितंबर को भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी।

# कनावनी पुस्ता रोड पर 11 हजार वोल्ट की लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कनावनी पुस्ता रोड पर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमे 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर सड़क पर गिर गया और एक युवक इसकी चपेट में आ गया। करंट लगने से युवक सड़क पर गिर पड़ा और तभी गुजर रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर हालत में युवक को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने कनावनी पुस्ता रोड पर जाम लगा दिया। लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते यह दर्दनाक घटना हुई है। ग्रामीणों ने मौके पर ही कार्रवाई की मांग करते हुए।

फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों को शांत कराने और जाम खुलवाने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने लोगों को समझाने की कोशिश की है और जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ है। विभाग को तारों की जांच और मरम्मत करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। अब विभाग को अपनी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

# श्री ठाकुरद्वारा शिक्षा संस्थान में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया

## शिक्षक एक कुम्हार की तरह बच्चों में संस्कार डालते हैं : दिनेश कुमार गोयल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री ठाकुरद्वारा शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक, ज्ञान प्रकाश गोयल ने सभी शिक्षकों और प्रबंध समिति से विद्यालय को उन्नति के शिखर पर पहुंचाने की शपथ दिलवाई। विद्यालय के अध्यक्ष, और विधान परिषद सदस्य, दिनेश कुमार गोयल ने नवगठित विद्यालय कमेटी का परिचय कराते हुए कहा कि माता-पिता बच्चों को जन्म देते हैं, लेकिन शिक्षक एक कुम्हार की तरह उनमें संस्कार डालते हैं। उनका यह योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।



समारोह में विद्यालय के उपाध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल, उप-प्रबंधक अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष मोहित गुप्ता और सदस्यगण आलोक गर्ग, विपिन कंसल, अनिल कुमार गर्ग, शिवांग गर्ग, विभोर गोयल आदि भी उपस्थित थे। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम शर्मा ने स्कूल को उच्च शिखर तक ले जाने का वादा किया। इस अवसर पर, छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया और अपनी शिक्षिकाओं से आशीर्वाद प्राप्त किया।




## दो पाटन के बीच में चाऊमीन वाला गया पिस

भगवागढ़ में इन दिनों अजीब कहानी चल रही है। फ्लावर वाले ही फ्लावर वालों पर हमलावर हो रहे हैं। फूल वालों ने मामा पहनी और फूल वालों ने माला पहनाई और फिर फूल वालों ने आकर माला तोड़ दी। किस्सा केवल फूलों की मामला तोड़ने पर ही नहीं थमा है और किस्से में अब और किरदार आ रहे हैं। जो मामला गांधीगिरी से सिमट सकता था उस मामले में खोमचे वाले का समान ही बड़े ट्रक में सिमट आया। चाऊमीन वाला आराम से ठिया लगा रहा था। वो सुपरवाईजर से लेकर चौकी तक सारे सिस्टम को भी चुका रहा था। अब उसे क्या पता कि फूल वालों के यहां जंग छिड़ गई है और जंग में उसका खोमचा उठेगा। मैम्बर ने कभी ऐंगर नहीं दिखाया। लेकिन चाऊमीन वाले को ये झगड़ा तब समझ में आया जब ऊपर वाले आदेश से उसका सड़क पर लगा ठिया सरकारी अमला तोड़ गया। सितम तो ये भी हुआ केवल ठिया ही नहीं टूटा बल्कि चाऊमीन वाला काउंटर भी जब्त हो गया। चाऊमीन वाले को बाजार के ही भगवा दुकानदार ने गणित समझाया। उसने कहा तुमने वो कहावत सुनी है कि दो पाटन के बीच में साबुत बचा ना कोय। इसलिए ये दोनों भगवा पाट है। एक छोटा पाट है और एक बड़ा पाट है और इनकी लड़ाई का खामियाजा अब जनता भुगत रही है।

## व्यापार मंडल है एक ऐसा ठिया, जो सबको आंवटित हुआ

वैसे तो जिसे राजनीति में ठिया ना मिले, जिसे आरडब्लूए में स्थान ना मिले, जिसे कीर्तन मंडल में भी जगह ना मिले, वो इंसान बड़े आराम से व्यापार मंडल में स्थान पा सकता है। यहां मिस्टर तो छोड़िये कई ऐसी सिस्टर हैं जिनका कारोबार के नाम पर एक ठेला भी नहीं है। जिनका इन्वेस्टमेंट के नाम पर एक धेला भी नहीं लगा है लेकिन व्यापार मंडल में उनका भी मेला लगा है। व्यापार मंडल और आरडब्लूए में एक सहूलियत ये भी है कि आपको दल संबंधी प्रोटोकॉल का पालन नहीं करना पड़ता और आप बड़े आराम से पुलिस अफसरों से लेकर सत्ता वाले वजीर के यहां फूल लेकर जा सकते हैं। व्यापारी एकता का नारा लगाओ और बड़े आराम से इधर से उधर आ जाओ। व्यापारी नेता ने ही बताया कि ये जो आज भाजपाई पटका पहन कर व्यापारी नेता घूम रहे हैं इन सबका 2014 से पहले का भाजपाई शिजरा दिखा दो। याद दिलाते हुए व्यापारी नेता ने कहा जब कालेज वाले एमएलसी बनने जा रहे थे तो उस रात साईकिल वाले उनके बिरादर कालेज में नजर आ रहे थे। कालेज वाले भाजपाई और बिरादर वाले सपाई थे। मगर वफादारी ऐसी कि मानों भाई-भाई थे। जब वीडियो आ गया तो कह भी दिया कि इसमें क्या गलत है। व्यापार मंडल के नाते हम गये थे और जायेंगे।

## वो चल रहे हैं खुद को मान कर हमेशा के लिए पार्षद

राजनीति में गलतफहमियों का कोई मौसम नहीं होता। फूल वाले ये भूल जाते हैं कि सियासत का ये चक्का कभी किसी के लिए पक्का नहीं होता। जब वो दस नामित पार्षद बनकर आये थे तो उन्होंने भी अलग-अलग अंदाज दिखाये थे। किसी ने नामित बनने के दूसरे महीने से ही निर्वाचित बनने की तैयारी शुरू कर दी थी और उन्होंने टिकट कन्फर्म मान लिया था। लेकिन कहानी तब पूरी हुई जब दस के दस का टिक ट नहीं हुआ। अब जो पहली बार जीते हैं उन्हें लग रहा है कि केवल वो नगर निगम के चीते हैं। अब उन्हें कौन समझाये कि यहां पार्टी में पांच बार वालों के टिकट काट दिये। पछली बार वालों केटिकट काट दिये तो तुम भला क्या चीज हो। राजनगर से लेकर नासिरपुर तक की कहानी समझाई। फिर बताया कि वो जो अभी से अपना टिकट पक्का मान कर चल रहे हैं और जीत को कन्फर्म माने बैठे हैं उन्हें खबर हो कि यहां चार बार के सांसद और तीन बार के मंत्री भी पब्लिक ने घर बिठा दिये हैं।

## जीएसटी दरों में कटौती से कारोबार को मिलेगा बढ़ावा : हरीश मल्होत्रा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। समाजसेवी एवं भाजपा नेता हरीश मल्होत्रा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती से कारोबार को बढ़ावा मिलेगा और बाजारों में नई रौनक लौटेगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से व्यापारी, खासकर छोटे दुकानदार और खुदरा कारोबारी, ऊँचे टैक्स की वजह से परेशान थे। मल्होत्रा ने कहा कि दरों में कमी से न केवल कारोबारियों पर बोझ हल्का होगा बल्कि उपभोक्ताओं को भी वस्तुएँ सस्ती मिलेंगी, जिससे बाजार में मांग बढ़ेगी और कारोबारियों का मनोबल ऊँचा होगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी में राहत मिलने से व्यापारी नए निवेश के लिए प्रेरित होंगे और यह कदम अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा प्रोत्साहन साबित होगा। करंट क्राइम से बातचीत में हरीश मल्होत्रा ने कहा कि त्योहारों के मौसम में यह निर्णय बिक्री को और अधिक बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम छोटे दुकानदार से लेकर बड़े कारोबारी तक सभी को लाभ पहुँचाएगा और कारोबार में नई ऊर्जा का संचार करेगा।

## टेंट-बैंक्वेट हॉल पर जीएसटी दर 5% हो : अशोक चावला



गाजियाबाद, करंट क्राइम। भारत सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में संशोधन करते हुए मध्यम वर्ग को राहत देना स्वागत योग्य कदम है। आम जरूरत की वस्तुओं एवं इंश्योरेंस सेक्टर में जीएसटी को 0% करना सराहनीय है। लेकिन टेंट, बैंक्वेट हॉल और फार्म हाउस पर पूर्व की भांति 18% जीएसटी की दर यथावत रखी गई है। सरकार का बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा तभी सार्थक होगा जब बेटी की शादी पर टैक्स का बोझ कम हो। हमारा आग्रह है कि विवाह समारोह से जुड़े टेंट व बैंक्वेट हॉल पर जीएसटी की दर घटाकर 5% की जाए।

## जीएसटी कटौती से किसानों और व्यापारियों को मिलेगी राहत : विवेक त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा नेता विवेक त्यागी ने कहा कि केंद्र और राज्यों की जीएसटी परिषद द्वारा दरों में की गई कटौती और सुधारों पर सामूहिक सहमति आम जनता के लिए बड़ी राहत है। इस निर्णय से न केवल किसानों और व्यापारियों को बल्कि एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को भी लाभ मिलेगा। त्यागी ने कहा कि सरकार का यह कदम आम आदमी के जीवन को आसान बनाने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक साबित होगा। उन्होंने कहा कि व्यापक सुधारों से नागरिकों का जीवन बेहतर होगा और खासकर छोटे व्यापारियों और व्यवसायों के लिए व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह फैसला महंगाई से जूझ रही आम जनता को राहत देने के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के लिए भी बूस्टर डोज का काम करेगा।

# ट्रैफिक पुलिस ने चलाया विशेष अभियान 152 बीएनएस के अंतर्गत हुई कार्रवाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** एडीसीपी ट्रैफिक के निर्देशन पर यातायात पुलिस द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को अतिक्रमणमुक्त, सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने हेतु विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सड़क किनारे दुकान लगाने वाले दुकानदारों, ठेली, खोखा, खोमचा आदि के विरुद्ध 152 बीएनएस के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को यातायात पुलिस ने कुल 2,455 दुकानदारों/ठेली/खोखा/ खोमचा लगाने वालों को नोटिस जारी किए हैं। ये नोटिस संबंधित थानों के माध्यम से कार्यपालक मजिस्ट्रेट को भेजे गए हैं, जिन पर नियमानुसार कार्रवाई प्रचलित होगी।

### यातायात पुलिस ने जनता से अपील की है कि :



- सड़क किनारे अवैध रूप से दुकान/ठेला न लगाएं।
- सड़कों पर अतिक्रमण कर दुर्घटनाओं की संभावना न बढ़ाएं।
- अभियान में सहयोग कर गाजियाबाद को सुगम एवं व्यवस्थित यातायात वाला शहर बनाने में योगदान दें।

सचिदानंद, एडीसीपी ट्रैफिक

### नियम नहीं मानने पर होगी कार्रवाई

**करंट क्राइम :** यदि जवाब संतोषजनक न हुआ तो कानून के तहत 2,500 तक का जुमार्ना या 6 माह की सजा और गंभीर स्थिति में 5,000 तक का जुमार्ना व 1 वर्ष की सजा का प्रावधान रहेगा। सभी यातायात निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में अतिक्रमण वाले प्रमुख मार्गों को चिन्हित करें और थाना प्रभारी तथा नगर निगम/नगर पालिका से समन्वय कर उन्हें अतिक्रमणमुक्त कराएं। इस अभियान की निगरानी संबंधित सहायक पुलिस आयुक्त, यातायात कर रहे हैं। नियमित कार्रवाई के परिणामस्वरूप अब तक 205 स्थानों से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया है। जल्द ही एनएच-09 को भी अतिक्रमण मुक्त करवाया जा रहा है।

# गाजियाबाद पुलिस ग्रामीण जोन में शिकायत निस्तारण पर जोर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गुरुवार को डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ग्रामीण जोन के समस्त थानों में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया।

गोष्ठी में उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये, ताकि शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता, समयबद्धता और पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

डीसीपी ग्रामीण ने कर्मचारियों को निर्देश दिये कि नागरिकों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और हर मामले की नियमित मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में जनता का विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत हो।

## भोपुरा वार्ड 5 में सड़क, सफाई और पेयजल की समस्याओं से नाराजगी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गगन विहार, भोपुरा 25 फूटा रोड वार्ड नंबर 5 में बुनियादी सुविधाओं की समस्याओं को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष पंडित राहुल शर्मा ने आवाज उठाई है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की सड़कें बदहाल हैं, सफाई व्यवस्था लचर है और पेयजल आपूर्ति नियमित नहीं हो रही। पंडित राहुल शर्मा ने कहा कि बरसात के दिनों में गलियों में जलभराव आम बात है और स्ट्रीट लाइटें जगह-जगह खराब पड़ी हैं, जिससे लोगों को असुविधा के साथ-साथ असुरक्षा भी महसूस होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय लोग लंबे समय से इन समस्याओं का सामना कर रहे हैं लेकिन शिकायतों के बावजूद हालात जस के तस हैं। वार्ड के लोगों का कहना है कि अगर समय रहते बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो स्थिति और खराब हो सकती है।





## स्कूलों के पास चले सुरक्षा अभियान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते कुछ समय से एक के बाद एक नए अभियान चल रहे हैं, तो नए-नए आयोजन भी हो रहे हैं। पर सवाल उठ रहा है कि नए-नए अभियान, आयोजन और कार्रवाई बस दो से चार दिनों तक ही सिमट कर रह जाते हैं। शुरूआत में जो अभियान जब तक असर व रफ्तार में पहुंचता है, तब तक नए आदेशों का पालन शुरू हो जाता है। वहीं अब सुनने में यह आ रहा है कि बीते दिनों ट्रैफिक वाले डिपार्टमेंट में तमाम तरीके के अभियान, आयोजन और प्रयोजन किया जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इन सबका मकसद है, सड़क हादसों में कमी लाना। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कभी बिना हेलमेट वालों के चालान हो रहे हैं। तो कभी पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट ना फ्यूल अभियान चलाएं जाते हैं। तो सड़क पर नियम तोड़ने वालों में पुलिस वालों पर भी एक्शन हो रहा है, तो लगातार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक पुलिस नियम सुधारने के लिए कैमरों की संख्या बढ़ाने से लेकर कई अभियान भी चला रही है। इन सबके बीच सवाल उठ रहा है कि जब जीवन रक्षा इतनी आवश्यक है, तो उन स्कूलों के आसपास भी अभियान चलना चाहिए जिनके विद्यार्थी ना हेलमेट लगाते हैं ना उनके पास लाइसेंस है और वह अपनी आयु और सीमा से अधिक भारी वाहन चला रहे हैं। पुलिस के अधिकारी ही सवाल उठाते हैं, अगर स्कूलों के आसपास इस तरीके के अभियान चलाए जाएं तो सड़क हादसों में भी कमी आएगी। छात्रों के द्वारा इस मैसेज को दूर तक फैलाने का काम भी करेंगे और वह अपने और आसपास के लोगों को भी हेलमेट पहनने और नियम मानने के लिए जागरूक करेंगे। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जहां ट्रैफिक के एसीपी स्तर के अधिकारियों की संख्या में इजाफा किया गया है। तो वहीं थ्री-स्टार भी बढ़ाए गए हैं, पर अभी जिस तरीके के एक्शन और फिर रिएक्शन वाले सीन बनने चाहिए, वह बनते हुआ नजर नहीं आ रहे हैं। इस कारण ना तो ट्रैफिक वाले विभाग में प्रमुखता के साथ आंकड़े आ रहे हैं और ना ही कार्रवाई हो रही है। अब देखना होगा कि स्कूलों के आसपास कितनी सख्ती और कितना जन जागरूकता फैलाकर स्कूली छात्रों को भारी व्हीकल व लाइसेंसी वाहन चलाने से रोकने के लिए जोनवार क्या इंतजाम और एक्शन किए जाते हैं।



# लोनी खादर क्षेत्र डूबा बाढ़ के पानी में, लोगों ने ली शिविरों में शरण

## प्रशासन ने की खाने-पीने की व्यवस्था





**लोनी, करंट क्राइम।** भारी बारिश के बाद हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से लाखों क्यूसेक पानी छोडे जाने के बाद लोनी में बाढ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। यमुना का जलस्तर खतर के निशान को पार कर गया है। बाढ के पानी से यमुना खादर में रहने वाले लोगों को दूसरी जगहों पर शिफ्ट कराया गया। प्रशासन की ओर से राहत शिविर बनाए गए हैं। जहां लोगों को रखा गया है। प्रशासन की ओर से खाने पीने की व्यवस्था की जा रही है। हथिनी कुंड बैराज से बुधवार को हर घंटे पानी छोडा गया। इससे लोनी के खादर क्षेत्र में बाढ आ गई। यहां रहने वाले लोगों के घरों में पानी घुस गया है। बाढ़ के कारण इस क्षेत्र में फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। जिला प्रशासन की ओर से लोगों को राहत सामग्री दी जा रही है। पचैरा के पास स्थायी चौकी पर जिला प्रशासन की ओर से राहत शिविर बनाया गया है, जहां से बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए दो वक्त के भोजन की व्यवस्था की गई है। लोनी के एसडीएम दीपक सिंघनवाल का कहना है कि बाढ की संभावना को देखते हुए पहले से ही तैयारियां कर ली गई थी। एनडीआरएफ की टीमों को बुला लिया गया था। साथ ही गोताखोर और नाविकों को तैनात किया गया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों से लोगों को निकालकर राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। शिविरों में सभी तरह की व्यवस्थाएं की गई है।

# महिला कल्याण विभाग ने छात्राओं को दी योजनाओं व अधिकारों की जानकारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संकल्पः हब इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के अंतर्गत 2 सितंबर से 12 सितंबर 2025 तक चल रहे 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत 4 सितंबर को कैलाशवती इंटर कॉलेज, अर्थला में लिंग संवेदीकरण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी के दिशा-निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, वन स्टॉप सेंटर योजना सहित हब इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना शामिल रहीं। साथ ही 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन व 112 इमरजेंसी नंबर जैसी सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को दहेज प्रथा, बाल विवाह, बाल श्रम और लिंग भेदभाव जैसी सामाजिक कुप्रथाओं के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। साथ ही 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ हिंसा की रोकथाम एवं शिकायत की प्रक्रिया समझाई गई। छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानेश कुमार, अध्यापकगण, हब इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन से श्रीमती मनीषा (जेंडर स्पेशलिस्ट) और ॐ२ से श्री विचित्र वीर उपस्थित रहे।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समझ में नहीं आ रहा कि यह गिफ्ट को लेकर कोई मिस्ट्री है या फिर पिता पुत्री के बीच एक केमिस्ट्री है। नन्ही परी मायषा अरोड़ा बहुत ध्यान से गिफ्ट को देख रही है, उसके पापा मोहित अरोड़ा भी बहुत गंभीरता से इस गिफ्ट को खोल रहे हैं। अब आपको ही अंदाजा लगाना है कि आखिर यह पिता पुत्री इस समय क्या सोच रहे हैं। पापा और बेटी की अद्भुत केमिस्ट्री को समेटे यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# सैन्य परेड के जरिये ट्रंप को चुनौती

## अमेरिका के धुरविरोधियों ने दिया नए वैश्विक शक्ति समीकरण का संदेश

**अमेरिका ।** चीन में राजधानी बीजिंग के थियानमन चौक पर आयोजित विजय दिवस परेड अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का केंद्र बन गई है। यह तस्वीर न केवल वाशिंगटन और उसके सहयोगियों के लिए सीधी चुनौती है, बल्कि वैश्विक मंच पर उभरते नए सामरिक समीकरणों का दृढ़ और आक्रामक संदेश भी है। यह आयोजन पश्चिम को सीधा संदेश देता है कि चीन पश्चिम विरोधी धुरी का कूटनीतिक मंच भी बन चुका है। द न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार ने लिखा, अमेरिका के धुरविरोधी नेताओं का बीजिंग में एकसाथ खड़े होना, उस बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का संकेत है, जो धीरे-धीरे आकार ले रही है। वॉशिंगटन पोस्ट ने कहा, यह आयोजन नाटो व वाशिंगटन के लिए गंभीर चेतावनी है कि रूस, चीन,



उत्तर कोरिया और ईरान अब साझा मंच पर ताकत और एकजुटता दिखा रहे हैं। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बान ने परेड का हिस्सा बनकर बता दिया कि यूरोप के भीतर भी चीन व रूस से करीबी रिश्ते बनाने की प्रवृत्ति है। बीबीसी ने इसे यूरोपीय संघ और नाटो के भीतर मतभेद का प्रतीक बताया। एशिया में सुरक्षा संतुलन नई दिशा ले रहा भारतीय विशेषज्ञ सी. राजामोहन के अनुसार यह परेड चेतावनी है कि अगर चीन, रूस, ईरान व उत्तर कोरिया का ध्रुव मजबूत होता है, तो एशिया में सुरक्षा और आर्थिक संतुलन नई दिशा ले सकता है। चीन की सरकारी एजेंसी शिन्हुआ ने इसे बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का उत्सव बताया। कहा, पश्चिम का प्रभुत्व अब अतीत की बात होता जा रहा है। अमेरिका बोला-सिर्फ प्रचार पाने का प्रयास व्हाइट हाउस ने कहा, बीजिंग परेड केवल प्रचार पाने का प्रयास है।

**इस भव्य आयोजन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन और ईरान के राष्ट्रपति मसीह रहमी ने शिरकत की। इस परेड में अमेरिका के धुरविरोधी और तीन परमाणु शक्ति संपन्न देशों चीन, रूस और उत्तर कोरिया के शीर्ष नेताओं के साथ कुल 26 देशों के राष्ट्र प्रमुखों की मौजूदगी ने दुनिया को साफ संकेत दे दिया कि पश्चिमी दबाव और प्रतिबंधों के बावजूद बहुध्रुवीय व्यवस्था तेजी से आकार ले रही है**

# नाइजीरिया में नाव हादसे का शिकार, 31 लोगों की मौत

**अफ्रीका ।** उत्तर-मध्य नाइजीरिया में एक नदी में नाव हादसा हो गया। हादसे में 31 लोगों की मौत हो गई। अफसरों ने बताया कि नाइजर राज्य के बोर्गू क्षेत्र में एक नाव एक पेड़ के तने से टकरा गई। उसमें 90 लोग सवार थे। नाइजीरिया की राष्ट्रीय आपातकालीन एजेंसी ने बताया कि अब तक 50 लोगों को बचा लिया गया है, लेकिन लापता लोगों की संख्या की जानकारी नहीं है। खोज और बचाव अभियान जारी है। इस बीच खामा प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक विश्व खाद्य कार्यक्रम (हत्रढ्ढ) ने अफगानिस्तान के भूकंप प्रभावित कुनार और नंगरहार प्रांतों में आपातकालीन सहायता भेजी है, जहां 1400 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 3,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। शुरूआती सहायता सामग्री में खाद्य सामग्री और उच्च-ऊर्जा वाले बिस्कुट शामिल हैं। आगे की सहायता और कर्मियों को पहुंचाने के लिए अतिरिक्त




उड़ानें निर्धारित की गई हैं।

भारतीय भूकंप सहायता हवाई मार्ग से काबुल पहुंची इससे पहले मंगलवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया था कि भारतीय भूकंप सहायता हवाई मार्ग से काबुल पहुंच गई है।

अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश में बरसात के मौसम में देश के दूरदराज के इलाकों में नाव हादसे होते रहते हैं। ये हादसे अक्सर जरूरत से ज्यादा भरी हुई और खराब रखरखाव वाली नावों के कारण होती हैं। इनमें से कई नावें बिना लाइफ जैकेट के चलती हैं। पिछले महीने उत्तर-पश्चिमी राज्य सोकोटो में एक नदी में नाव पलट जाने के बाद 25 लोगों को लापता घोषित कर दिया गया था।

# भारत पर टैरिफ रूस के खिलाफ सीधी कार्रवाई

## रिश्तों में बढ़ते तनाव के बीच नरम पड़े ट्रंप के तेवर

**रूस ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर अपनी टैरिफ नीति को लेकर बड़ा बयान दिया। इस बार ट्रंप के बयान में भारत को लेकर तेवर थोड़े नरम नजर आए। इसी कारण उन्होंने भारत पर लगाए गए टैरिफ को रूस के खिलाफ कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अभी रूस से व्यापार करने वाले देशों पर चरण-2 और चरण-3 टैरिफ नहीं लगाए हैं।

भारत को लेकर ट्रंप ने और क्या-क्या कहा बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि चीन के बाद भारत रूस का दूसरा सबसे बड़ा तेल खरीदार है। इसलिए भारत पर लगाए गए टैरिफ रूस के खिलाफ सीधी कार्रवाई हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका ने भारत पर कुल 50 प्रतिशत



टैरिफ लगा दिया है, जिसमें 25 प्रतिशत सेकंडरी सैंक्शन 27 अगस्त से लागू हो चुका है। ट्रंप ने आगे कहा कि क्या आप कहेंगे कि भारत पर सेकंडरी सैंक्शन लगाने से कोई कार्रवाई नहीं हुई? ये रूस को सैंकड़ों अरब डॉलर का नुकसान पहुंचा रहा है। मैंने तो अभी फेज-2 और फेज-3 शुरू नहीं किया है। दो हफ्ते पहले भी दी थी चेतावनी बता दें कि इससे पहले ट्रंप ने टैरिफ को लेकर भारत को चेतावनी दी हो। इससे पहले उन्होंने दो हफ्ते पहले भी भारत को चेतावनी दी थी कि अगर भारत रूस से तेल खरीदता रहा तो उसे बड़े परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा टैरिफ मामला ट्रंप प्रशासन बोला- रूसी ऊर्जा उत्पादों की खरीद पर भारत पर लगाया शुल्क

**यूक्रेन ।** यह कदम यूक्रेन युद्ध से जुड़ी राष्ट्रीय आपातस्थिति से निपटने और वहां शांति बहाल करने की राष्ट्रपति की कोशिश का अहम हिस्सा है। ट्रंप प्रशासन ने दायर की 251 पन्नों की अपील ट्रंप प्रशासन ने बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को सुप्रीम कोर्ट में 251 पन्नों की अपील दायर की, जिसमें कहा, 'राष्ट्रपति ने हाल ही में भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (क्एएढअ) के तहत शुल्क लगाने की अनुमति दी है। इसका उद्देश्य रूस-यूक्रेन युद्ध से पैदा राष्ट्रीय आपातस्थिति से निपटना है और यह शांति बहाल करने के उनके



प्रयास का अहम हिस्सा है।' टैरिफ शांति और अभूतपूर्व आर्थिक समृद्धि को दे रहे बढ़ावा अपील में कहा गया कि 'इस मामले की गंभीरता बहुत अधिक है। राष्ट्रपति और उनके मंत्रिमंडल ने माना है कि ये टैरिफ शांति और अभूतपूर्व आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा दे रहे हैं। अगर राष्ट्रपति के अधिकार को नकार दिया गया तो अमेरिका बिना सुरक्षा के व्यापारिक प्रतिशोध का शिकार होगा और आर्थिक तबाही के कगार पर लौट जाएगा। टैरिफ की वजह से छह प्रमुख व्यापारिक साझेदार और ईयू ने किया समझौता ट्रंप प्रशासन ने दावा किया।

**अमेरिकी की एक अपील अदालत ने पिछले हफ्ते राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ को गैर-कानूनी बताया था। अब यह मामला अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। ट्रंप प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि भारत पर रूस से ऊर्जा उत्पाद खरीदने की वजह से शुल्क लगाए गए हैं**

# अफगानिस्तान में फिर कांपी धरती 4.8 तीव्रता का भूकंप आया, बीती रात भी लगे थे झटके

**अफगानिस्तान ।** अफगानिस्तान में विनाशकारी भूकंप आने के बाद से लगातार धरती का कांपना जारी है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के एक बयान में बताया गया कि गुरुवार को अफगानिस्तान में फिर से 4.8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप 135 किलोमीटर की गहराई में आया। भूकंप की तीव्रता 4.8 मापी गई। यह 4 सितंबर को सुबह 10:40 बजे 135 किलोमीटर की गहराई में आया।

इससे पहले इससे पहले बुधवार देर रात यहां 10 किलोमीटर की गहराई में भूकंप दर्ज किया गया था, जिससे आफ्टरशॉक का खतरा बढ़ गया था।'' पर एक पोस्ट में ठउर ने बताया कि अफगानिस्तान में रात 23:53




बजे 10 किलोमीटर की गहराई में भूकंप के झटके महसूस किए गए। 31 अगस्त की रात आए भूकंप ने मचाई तबाही इस बीच खामा प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक विश्व खाद्य कार्यक्रम (हत्रढ्ढ) ने अफगानिस्तान के भूकंप प्रभावित कुनार और नंगरहार प्रांतों में आपातकालीन सहायता भेजी है, जहां 1400 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 3,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। शुरूआती सहायता सामग्री में खाद्य सामग्री और उच्च-ऊर्जा वाले बिस्कुट शामिल हैं। आगे की सहायता और कर्मियों को पहुंचाने के लिए अतिरिक्त उड़ानें निर्धारित की गई हैं। भारतीय भूकंप सहायता हवाई मार्ग से काबुल पहुंची इससे पहले मंगलवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया था कि भारतीय भूकंप सहायता हवाई मार्ग से काबुल पहुंच गई है। उन्होंने कहा, 'भारतीय भूकंप सहायता हवाई मार्ग से काबुल पहुंच गई है। कंबल, टेंट, स्वच्छता किट, जल भंडारण टैंक, जनरेटर, रसोई के बर्तन, पोर्टेबल वाटर प्यूरीफायर, स्लीपिंग बैग, आवश्यक दवाइयां, व्हीलचेयर, हैंड सैनिटाइजर, जल शोधन गोलियां, ओआरएस घोल और चिकित्सा उपभोग्य सामग्रियों सहित 21 टन राहत सामग्री आज हवाई मार्ग से पहुंचाई गई।

# कांटे की टक्कर में तीसरी बार चुने गए जमैका के पीएम होलनेस, मुख्य विपक्षी उम्मीदवार ने हार मानी

**जमैका ।** जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस ने संसदीय चुनाव में एक कड़े मुकाबले में गुरुवार को तीसरी बार जीत हासिल की। यह चुनाव ऐसे समय में हुआ, जब देश भ्रष्टाचार, असमानता और आर्थिक समस्याओं से जूझ रहा है। शुरूआती नतीजों के मुताबिक, होलनेस की जमैका लेबर पार्टी ने 34 सीटों पर जीत हासिल की, जबकि विपक्षी नेता मार्क गोल्डिंग की पीपुल्स नेशनल पार्टी को 29 सीटों पर जीत हासिल हुई। गोल्डिन एक संक्षिप्त भाषण में अपनी हार स्वीकार की और कहा कि उन्हें नतीजों से निराशा हुई है, लेकिन उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी की जीत को स्वीकार किया और उसे उनकी सफलता माना। आम चुनाव में केवल 38.8 फीसदी रहा मतदान जमैका में बुधवार को आम चुनाव हुए, जिनमें जमैका प्रोग्रेसिव पार्टी, यूनाइटेड इंडिपेंडेंट्स कांग्रेस और नौ निर्दलीय उम्मदीवारों ने भी हिस्सा लिया। इन उम्मीदवारों ने अलग-अलग क्षेत्रों से चुनाव लड़ा। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, मतदान प्रतिशत केवल 38.8% रहा, जो 2020 में महामारी के दौरान हुए चुनाव के मुकाबले थोड़ा ही ज्यादा है।



वोट डालने के पात्र हैं कुल 20 लाख पंजीकृत मतदाता जमैका की कुल आबादी 28 लाख है, जिसमें से केवल 20 लाख पंजीकृत मतदाता वोट डालने के पात्र हैं। जमैका की संसद के निचले सदन यानी प्रतिनिधि सभा की कुल 63 सीटों पर चुनाव हुआ। जिस पार्टी को बहुमत मिलता है, उसका नेता देश का अगला प्रधानमंत्री बनता है। इसके बाद नया प्रधानमंत्री संसद के ऊपरी सदन यानी सीनेट में 21 में से 13 सदस्यों को नियुक्त करता है, जबकि विपक्ष आठ सदस्यों का चयन करता है। मौजूदा सरकार में अपराध में आई कमी होलनेस के नेतृत्व में इस साल अब तक जमैका में हत्या के मामलों में 43% की कमी आई है, जो पिछले कई दशकों में सबसे बड़ी गिरावट मानी जा रही है। जमैका में अपराध इसलिए कम हुए हैं क्योंकि सरकार ने गैरकानूनी हथियारों को पकड़ना शुरू किया और देशभर में पुलिस व सुरक्षा बलों की सख्त तैनाती की। जमैका लेबर पार्टी ने इसी उपलब्धि के आधार पर प्रचार किया और खुद को ऐसी सरकार के रूप में पेश किया जिसने देश को बड़े पैमाने पर हिंसा की ओर बढ़ने से रोका। हालांकि अपराध के आंकड़ों में सुधार हुआ है, फिर भी जमैका के हिंसक इतिहास की छाया अभी भी महसूस होती है। मौजूदा सरकार ने कुछ क्षेत्रों में आपातकाल लागू करने जैसे कदम उठाए, जिसको लेकर जनता में मिली-जुली प्रतिक्रिया थी। कुछ ने इसका समर्थन किया और कुछ ने आलोचना की। निजी क्षेत्र और कई आम जमैका वासियों ने इन कदमों की सराहना की है, खासकर उन इलाकों में जहां हत्याओं की संख्या में 70 फीसदी तक की कमी आई है।

# एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था अन्यायपूर्ण बदल रहा अब शक्ति संतुलन

**रूस ।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था के खात्मे की पैरवी की और एक ऐसी बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था की जरूरत पर जोर दिया, जहां सभी देश बराबरी के आधार पर काम करें और कोई भी अपनी श्रेष्ठता न थोपे, चाहे राजनीति के क्षेत्र में हो या सुरक्षा के। चीन के चार दिवसीय दौरे के बाद पुतिन ने एक प्रेस वार्ता की, जिसमें उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में बराबरी की जरूरत है और ब्रिक्स व शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) जैसे

'खत्म हो एकध्रुवीय व्यवस्था, नहीं होना चाहिए श्रेष्ठता थोपने वाला देश पुतिन ने कहा, एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था अन्यायपूर्ण है, यह स्पष्ट है और हम अपने संबंधों का विकास किसी बहुमत की राय के आधार पर नहीं, बल्कि एक विचार के आधार पर कर रहे हैं और वह विचार यह है कि दुनिया बहुध्रुवीय होनी चाहिए। यानी सभी अंतरराष्ट्रीय संबंधों और संवाद में शामिल पक्ष बराबर होने चाहिए। एकध्रुवीय दुनिया अब खत्म होनी चाहिए।उन्होंने आगे कहा, जहां तक यह सवाल है कि बहुध्रुवीय दुनिया बनी



है या नहीं, तो इसके संकेत अब दिख रहे हैं। लेकिन मैं यह नहीं कहूं कि यह बात पूरी तरह स्थापित हो चुकी है। इसका मतलब यह भी नहीं है कि इस नई बहुध्रुवीय दुनिया में कोई श्रेष्ठता (हेजमन) थोपने वाला देश होना चाहिए। ब्रिक्स में भी ऐसा कोई नहीं कहता, एससीओ में भी नहीं।

'बदल रहा वैश्विक शक्ति संतुलन, किसी को दबदबे का अधिकार नहीं' पुतिन ने भारत और चीन जैसे आर्थिक ताकत वाले देशों का उदाहरण देते हुए माना कि वैश्विक शक्ति संतुलन अब बदल रहा है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि आर्थिक ताकत का मतलब यह नहीं है कि किसी को राजनीति या वैश्विक सुरक्षा में दबदबे का अधिकार मिल जाना चाहिए।

भारत और चीन जैसे देश आर्थिक रूप से मजबूतः व्लादिमीर पुतिन उन्होंने कहा, इस बहुध्रुवीय दुनिया में सभी को समान अधिकार मिलने चाहिए और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार भी सभी बराबर होने चाहिए। हां, भारत और चीन जैसे देश आर्थिक रूप से बहुत मजबूत देश हैं। हमारी अर्थव्यवस्था भी क्रयशक्ति क्षमता के आधार पर दुनिया के शीर्ष चार में शामिल है। यह कोई कल्पना नहीं है, यह अंतरराष्ट्रीय संगठनों की गणना है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि किसी को विश्व राजनीति या सुरक्षा पर राज करना चाहिए। हम नहीं मानते कि किसी को ऐसा प्रभुत्व मिलना चाहिए। सभी बराबर हों, यही सही है। अमेरिकी टैरिफ और पश्चिम प्रतिबंधों के बीच पुतिन का बयान पुतिन का यह बयान पश्चिमी देशों की ओर से रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों और अमेरिका की टैरिफ नीति की आलोचना के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए टैरिफ से कई देशों का अमेरिका के साथ तनाव बढ़ गया है।

# हैती में गिरोहों से निपटेगा 5550 सैनिकों वाला नया बल

**हैती ।** राजधानी के 90 फीसदी हिस्से पर कब्जा कर चुके गिरोह सबसे पहले केन्या के सैनिक जून 2024 में हैती पहुंचे थे। बल में शुरूआत में सैनिकों की संख्या ढाई हजार होनी थी, लेकिन फंड की कमी के कारण इस संख्या को फिहलाल एक हजार से भी कम रखा गया है। हैती में 2021 में राष्ट्रपति जोवेनेल मोइज की हत्या के बाद से गिरोहों की ताकत काफी बढ़ गई है। ये गिरोह अब राजधानी पोर्ट-ओ-प्रिंस के नब्बे फीसदी हिस्से पर कब्जा कर चुके हैं और गांवों तक अपना नेटवर्क फैला चुका हैं। इन गिरोहों के सदस्य लूटपाट, अपहरण, यौन हिंसा और दुष्कर्म जैसे अपराधों में शामिल हैं। राष्ट्रपति की हत्या के बाद से हैती में कोई निर्वाचित राष्ट्रपति नहीं है। छह पन्नों के मसौदे में हैती का धन्यवाद किया गया है कि उसने इस अंतरराष्ट्रीय बल का नेतृत्व किया, लेकिन संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो



गुटेरेस की फरवरी में कही गई बात को दोहराया गया है कि यह बल गिरोहों के बढ़ते प्रभाव को रोकने में विफल रहा है, इसलिए इसे और मजबूत करने की जरूरत है। अमेरिका की कार्यवाहक राजदूत डोरोथी शीया ने 28 अगस्त को कहा था कि अमेरिका एक नए गिरोह दमन बल के लिए संयुक्त राष्ट्र की मंजूरी चाहता है। यह मसौदा प्रस्ताव कहता है कि यह नया बल हैती सरकार के सहयोग से एक साल तक काम करेगा और उसे गिरोहों के जुड़े लोगों को पकड़ने और हिरासत में लेने की शक्ति होगी।

हैती की पुलिस और सेना के साथ मिलकर काम करेगा नया बल इस बल में 5,500 वर्दी पहने सैनिक और पचास नागरिक होंगे, जिनका वेतन स्वैच्छिक योगदान से दी जाएगी। हालांकि, इसमें यह नहीं बताया गया हैकि केन्या या कोई अन्य देश सैनिक या पुलिस बल देगा या नहीं। प्रस्ताव में कहा गया है कि यह बल स्वतंत्र रूप से खुफिया आधारित कार्रवाई कर गिरोहों को अलग करने, खत्म करने और उन्हें रोकने का काम करेगा, ताकि नागरिकों के खिलाफ हिंसा, मानवाधिकार हनन और हैती की संस्थाओं को कमजोर होने से रोका जा सके। यह नया बल हवाई अड्डों, बदरगाहों, स्कूलों, अस्पतालों जैसी महत्वपूर्ण जगहों की सुरक्षा भी करेगा और हैती की पुलिस व सेना के साथ मिलकर काम करेगा। इसके साथ ही यह यह बल हैती में गैरकानूनी हथियारों की तस्करी और अवैध गतिविधियों को रोकने में भी मदद करेगा।

**अमेरिका और पनामा ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से आग्रह किया है कि हैती में बढ़ती हिंसा को रोकने के लिए 5,550 सदस्यों वाले एक नए अंतरराष्ट्रीय बल को मंजूरी दी जाए और इस बल को गिरोहों के सदस्यों को हिरासत में लेने की शक्ति भी दी जाए। दोनों देशों ने यूएनएससी के सामने एक मसौदा रखा है जिसमें हैती में पहले से तैनात केन्या के अगुवाई वाले बल को बदलने की बात कही गई है**

# गाजियाबाद में आरटीआई से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित

## राज्य सूचना आयुक्त वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने दिए सख्त निर्देश







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में गुरुवार को राज्य सूचना आयुक्त वीरेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सूचना का अधिकार (आरटीआई) से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि जन सूचना अधिकारी तय समय के भीतर सही और सटीक सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

आयुक्त ने अधिकारियों को चेताया कि सूचना छिपाने या समय पर न देने पर अधिनियम की धारा 20 (1) के तहत 25 हजार रुपये तक का अर्थदंड और धारा 20 (2) के तहत विभागीय कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि आरटीआई का उद्देश्य प्रशासन में पारदर्शिता, भ्रष्टाचार पर रोक, दायित्वबोध और जनसहभागिता बढ़ाना है। बैठक के दौरान राज्य सूचना आयुक्त ने कई रोचक और प्रेरक उदाहरण भी साझा किए। उन्होंने बताया कि लखनऊ के एक सेवानिवृत्त अधिकारी की तीन साल से अटकी चिकित्सा प्रतिपूर्ति आयोग के हस्तक्षेप से एक माह में जारी हो गई।

इसी तरह एक अधिकारी की सेवा पुस्तिका ही गायब हो गई थी, जिसे आयोग की लगातार सुनवाई और चेतावनी के बाद बनवाया गया। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी दंड और जांच को आमंत्रित कर अपना करियर दागदार नहीं करना चाहेगा।

वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों से कहा, समय की आहट सुनिए और जिस भूमिका के लिए आप चुने गए हैं, उसे तन-मन से निभाइए। जन सूचना को अपनी ड्यूटी में शामिल कीजिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अधिकांश आरटीआई वादों का निपटारा प्रथम अपीलीय अधिकारी स्तर पर ही हो सकता है, जिससे आयोग पर अनावश्यक बोझ कम होगा। बैठक में आरटीआई विशेषज्ञ अधिवक्ता शैलेन्द्र सिंह चौहान, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम रणविजय सिंह, विवेक मिश्र, सौरभ भट्ट, एसडीएम लोनी दीपक सिंघनवाल, एसडीएम अयान जैन, सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन, नगर निगम अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी, डीसीपी ट्रांस हिण्डन निमिष पाटिल सहित सभी विभागों के जन सूचना अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम के बैठक में नहीं आने से नाराज हुए उद्यमी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में गुरुवार को प्रशासन की ओर से उद्योग बंधु की बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में जिले के औद्योगिक क्षेत्रों और उद्यमियों की समस्या व शिकायतों को लेकर चर्चा होनी थी। साथ ही, पिछली बैठकों में लिए गए फैसलों के अमल की समीक्षा करनी थी। यह बैठक आज एक बजे होनी थी। लेकिन 2:10 मिनट तक जिलाधिकारी के नहीं पहुंचने पर उद्यमियों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया।

उद्यमियों का कहना है कि जब प्रशासन की ओर से उद्योग बैठक का आयोजन किया गया तो प्रशासन की ओर से अधिकारी को उपस्थित होना चाहिए था। अगर जिलाधिकारी किसी कार्यक्रम या दौरे में व्यस्त थे तो उनके स्थान पर सीडीओ या कोई एडीएम बैठक में शामिल हो सकते थे। बैठक के लिए गाजियाबाद जिले के 12 औद्योगिक क्षेत्रों से प्रतिनिधि और उद्यमी पहुंचे थे। सभी समय से पहले ही कलेक्ट्रेट पहुंच गए थे और डीएम के आने का इंतजार करने लगे। उद्यमियों ने कहा कि एक घंटे तक इंतजार करने के बाद उन्होंने बैठक से वापस जाने का फैसला किया। बिजी शेड्यूल से समय निकाल कर बैठक में पहुंचे थे। फैक्ट्री के कई काम होते हैं।

ऐसे में उद्यमी सवा घंटे तक बैठक शुरू होने का इंतजार करने के बाद अपने गंतव्यों की ओर निकल गए।उद्यमियों का कहना है कि यह बडी आश्चर्य की बात है कि एक ओर जहां मुख्यमंत्री उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए उनकी समस्या व शिकायतों का तत्काल समाधान पर जोर देते हैं, वहीं अधिकारी वर्ग उद्यमी बंधु बैठकों को गंभीरता से नहीं ले रहे है। गाजियाबाद को एक औद्योगिक जिले के रूप में जाना जाता है। यहां लाखों श्रमिक और कर्मचारी फैक्ट्रियों में काम करते हैं। अरबों रुपयों के सामान का निर्यात होता है। ऐसे महत्वपूर्ण बैठक में प्रशासनिक अधिकारी की अनुपस्थिति से उद्यमियों को निराशा हुई है।

## शहर विधायक संजीव शर्मा के प्रयास रंग लाए

### विजयनगर में बनेगा दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पार ऊपरगामी पुल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर विधायक संजेव शर्मा के सक्रिय प्रयासों के परिणामस्वरूप विजयनगर में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पार करने के लिए ऊपरगामी पुल का निर्माण होगा। इस संदर्भ में विधायक द्वारा लिखे गए पत्र पर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अधिकारियों को पुल निर्माण निर्देशित कर दिया है।

विजयनगर में एक्सप्रेसवे को पार करने वाले मार्ग पर पुल न होने से आवागमन में जाम व दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती थी। इसी को देखते हुए विधायक शर्मा ने इस समस्या का समाधान खोजने की पहल की। उन्होंने हाल ही में एक्सप्रेसवे निकासी चौड़े करने और धार्मिक-सांस्कृतिक स्थलों के लिए साइनबोर्ड लगाने की मांग भी की है।

**सजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा के अनुसार**

- पुल बनेगा तो यात्रियों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी और मार्ग सुरक्षित हो जाएगा।
- निकासी द्वार के विस्तार से हादसों पर अंकुश लगेगा।
- विजयनगर पहचानों जैसे दूधेश्वरनाथ मंदिर और मवई गांव के बोर्ड लगाने से स्थानीय पहचान और दिशा-निर्देशन में मदद मिलेगी।

## अमेरिका के 50% टैरिफ के खिलाफ 7 सितंबर को रैली, 'लोकल फॉर वोकल' को बढ़ावा देने का आह्वान

### अमेरिका कर रहा हमारी बढ़ती आर्थिक शक्ति को रोकने का प्रयास : केके शर्मा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारत पर अमेरिका द्वारा लगाए गए 50% टैरिफ के विरोध में 'सोशल चौकीदार (ट्रस्ट)' संगठन ने 7 सितंबर, 2025 को एक जागरूकता रैली निकालने की घोषणा की है। इस रैली का मुख्य उद्देश्य भारतीय नागरिकों और व्यापारियों को विदेशी सामानों का बहिष्कार करने और 'लोकल फॉर वोकल' को अपनाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके। रैली का नेतृत्व कर रहे के. के. शर्मा, जो कि सोशल चौकीदार ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं, ने कहा, अमेरिका जैसे देशों द्वारा भारत पर टैरिफ लगाना हमारी बढ़ती आर्थिक शक्ति को रोकने का एक प्रयास है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत एक बड़ा बाजार है और जब तक हम एकजुट होकर विदेशी सामानों का बहिष्कार नहीं करते, तब तक ये टैरिफ जारी रहेंगे। हमारी सरकार अपने स्तर पर काम कर रही है, लेकिन जनता की भागीदारी के बिना यह संभव नहीं है।

यह रैली कविनगर के रामलीला मैदान से दोपहर 12 बजे शुरू होगी और सी-ब्लॉक, कविनगर मार्केट से होते हुए हापुड़ रोड पर समाप्त होगी। इस रैली में आम जनता, व्यापारी संगठन और विभिन्न सामाजिक संस्थाएं भाग लेंगी। आयोजकों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। साथ ही, उन्होंने मीडिया से भी इस पहल को जन-जन तक पहुँचाने की अपील की है, ताकि यह एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन सके।

### जीएसटी स्लैब बदलाव ऐतिहासिक, आम आदमी को बड़ी राहत : इंद्रजीत सिंह टीटू



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक है। सरकार द्वारा जीएसटी के स्लैब में किया गया बदलाव 22 सितंबर के बाद आम आदमी, गरीब, मध्यम वर्ग, नौकरीपेशा व्यक्ति और आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति की ज़िंदगी में एक बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित होगा। 12% की वस्तुएँ अब 5% जीएसटी स्लैब में आ गई हैं, और 28% वाली वस्तुएँ अब 18% में। रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं में आए इस बदलाव से हर वर्ग को राहत मिलेगी। मेडिकल इंश्योरेंस, लाइफ इंश्योरेंस और स्कूलों में पढ़ाई करने वाले बच्चों तक झ्र कोई भी व्यक्ति इससे अछूता नहीं रहेगा। सभी के जीवन में यह बदलाव सकारात्मक असर डालेगा। मैं देश के प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का अपने व्यापार मंडल अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा की ओर से हृदय से धन्यवाद और बधाई देता हूँ।

### जीएसटी टैक्स दरों में भारी कमी जनकल्याणकारी कदम : अशोक कुमार गोयल



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** जीएसटी परिषद की बैठक में रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं पर टैक्स दरों में की गई बड़ी कटौती को लेकर व्यापारी वर्ग और आम जनता में खुशी का माहौल है। परिषद ने 28% और 12% टैक्स दरों को समाप्त करते हुए न्यायसंगत दरें लागू करने का फैसला किया है। रोटी, चिकित्सा बीमा, छेना और पनीर जैसी आवश्यक वस्तुओं को शून्य प्रतिशत टैक्स दर के दायरे में लाया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसे देशवासियों के लिए बड़ा राहत भरा कदम बताया, वहीं उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने भी परिषद में अहम भूमिका निभाई। सरकार का कहना है कि यह कदम उपभोक्ताओं को सीधा लाभ देगा और महंगाई पर अंकुश लगाने में मदद करेगा।

इस फैसले का व्यापारी वर्ग ने भी स्वागत किया है। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान (रजि.) के राष्ट्रीय संयोजक अशोक कुमार गोयल ने कहा कि ह्लआम जन-जीवन से जुड़ी वस्तुओं पर जीएसटी टैक्स दरों में भारी कमी एक बहुत बड़ा जनकल्याणकारी कदम है। रोटी और चिकित्सा बीमा जैसी आवश्यकताओं को शून्य प्रतिशत टैक्स में लाना दीपावली से पहले देशवासियों के लिए बड़ा तोहफा है। मोदी सरकार भारत को जनकल्याण के साथ विकसित भारत की ओर ले जा रही है और देश को अपने नेतृत्व पर गर्व है।

# माता वैष्णो देवी हादसा : मंत्री नरेंद्र कश्यप पहुँचे मुज़फ़्फ़रनगर

## कार्तिक कश्यप के परिजनों को बंधाया ढांढस





**मुज़फ़्फ़रनगर, करंट क्राइम।** जम्मू-कश्मीर के रियासी ज़िले में माता वैष्णो देवी धाम मार्ग पर हुए भीषण भूस्खलन में 30 श्रद्धालुओं की मौत और कई दर्जन लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। मृतकों में उत्तर प्रदेश के मुज़फ़्फ़रनगर जनपद के ग्राम तिरपड़ी निवासी कार्तिक कश्यप भी शामिल हैं। हादसे की खबर मिलते ही गाँव और जनपद में मातम छा गया।

**प्रजापति समाज के कई लोग प्रभावित :** इस हादसे में बड़ी संख्या में प्रजापति समाज के लोग भी काल के ग्रास बने। मृतकों में रामवीरी, अंजलि, ममतेश, आकांक्षा, दीपेश और आनंद के नाम शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलने पर मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मौके पर पहुँचकर शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी और प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने के निर्देश दिए। हालांकि स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि प्रभावित परिवारों को विशेष आर्थिक पैकेज या सहायता की घोषणा की जाएगी, लेकिन फिलहाल प्रशासनिक स्तर पर ही राहत का भरोसा दिलाया गया है।

**गाँव में मातम का माहौल :** कार्तिक कश्यप की मौत की खबर से तिरपड़ी गाँव में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीण लगातार परिवार को ढाँढस बंधाने उनके घर पहुँच रहे हैं। मंत्री नरेंद्र कश्यप की मौजूदगी से परिजनों को कुछ संबल मिला है और उन्होंने कहा कि सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है।

### मंत्री नरेंद्र कश्यप पहुँचे तिरपड़ी गाँव

कार्तिक कश्यप की मौत से शोकाकुल परिवार से मिलने मंत्री नरेंद्र कश्यप स्वयं ग्राम तिरपड़ी पहुँचे। उन्होंने मृतक की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और परिजनों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने आर्थिक और सामाजिक मदद का आश्वासन दिया।

**हादसे का घटनाक्रम :** शनिवार को रियासी ज़िले में भारी बारिश के चलते अचानक पहाड़ से मलबा खिसक गया और वैष्णो देवी धाम जाने वाले मार्ग पर बड़ा लैंडस्लाइड हो गया। इस दौरान मार्ग पर मौजूद सैकड़ों श्रद्धालु उसकी चपेट में आ गए। चीख-पुकार के बीच बचाव दलों ने राहत अभियान चलाकर मलबे में दबे श्रद्धालुओं को बाहर निकाला। इस हादसे में 30 से अधिक श्रद्धालु मारे गए और दर्जनों अस्पताल में भर्ती हैं।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैडम ने किया है लखनऊ प्रस्थान तो हो जाएं सभी सावधान? कहने वाले ने कहा- ये बात है इन-द-एयर? वो गई हैं करवाने किसी का ट्रांसफर, सुना है, उनसे पहले भी नहीं मिली है मैडम की राय? वो तो भला हो साहब का जो लगा दी वीटो, वरना उनकी तो हो जाती कब की गुडबाय? कहने वाले ने कहा-आदेश तो हुए तो आगरा के लिये मगर, साहब की लगी वीटो तो फिर सामान खुल गया गाजियाबाद के लिये?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वो भले ही हो गए हैं रिटायर? सुना है, बड़े वाले सर ने उनको कर लिया दोबारा से अपने लिये हायर? कहने वाले ने कहा- साहब पर नहीं पड़ता कोई फर्क, भले ही कोई कितनी ही उगल ले फायर? सुना है, वो आफ्टर रिटायर बनाए गए हैं साहब के पर्सनल एडवाइजर? साहब की गुडबुक में वो रहे हैं और रहेंगे तभी तो उन्हें मिला है बड़े सर का साथ ? समझने वाले समझ गए होंगे कि हम कर रहे हैं किसकी बात ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाथ वालों के यहां नहीं चल रहा है सबकुछ ठीक? सुना है, परिवर्तन की चल रही है चर्चा? कहने वाले ने कहा- 2027 में नए हाथ वाले ही भरेंगे चुनाव का पर्चा? सुना है, हाईकमान ने लगा दी है जिले में फूल वालों के मुर्झाए नेताओं पर आंख? हैरान कर सकता है ठीक चुनाव से पहले हाथ वालों का ये दांव?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भट्टे वाले पूर्व पार्षद को जब बुरी लग गई हास्य-परिहास में होती गाली वाली बात? सुना है, पूर्व डिप्टी मेयर ने दी थी किसी और को गाली, मगर ये बात भट्टे वाले पूर्व पार्षद ने अपने दिल से लगा ली? सुना है वैशाली वाले भाटी जी ने यहां अड़ाई बात को सुलझाने की लाठी? बताते हैं कि भाटी जी ने समझाई ये बात, महाराज आपको लेकर नहीं कही गई थी ये बात? सुना है, काफी देर तक होती रही इस बात को लेकर बहस? काफी देर बाद मुद्दा हुआ था शांत? नहीं तो मामला होते दिख रहा था तहस और नहस ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** फूल वालों के यहां छाई हुई है अभी किसी क्रांति से पहले की शांति? कहने वाले ने कहा- पार्षद हो गए हैं चौकस और फूल वाले ने नहीं पाल रखी है मन में कोई भ्रांति? नदिया पार वाले पार्षद ने पहले ही जारी कर दिया है आशंका का अलर्ट? वो जानते हैं कभी भी तहरीर हो जाएगी मुकदमें में कनवर्ट? सुना है, वैलफेयर एसोसिएशन ने भी कर दी है अपनी तैयारी? अब नजर रखी जा रही है एक-दूसरे के दांव पर? कहने वाले ने कहा- मेंबर साहब भी कर चुके हैं ऐलान? हम जीते हैं जनता के वोट से, और टिकट मिला था हमें विधायक जी के सपोर्ट से?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नगर निगम के एक जोनल प्रभारी को मिलने जा रही है किसी महकमे की डबल जिम्मेदारी? कहने वाले ने कहा- उन्हें एक्सट्रा चार्ज देने की हो गई है पूरी तैयारी? वो मंत्री जी के हमनाम हैं और उनके पास पहले भी कई काम हैं? कहने वाले ने कहा- वो हैं नगर निगम के ऐसे दद्दा, जिनके पास आएगा टैक्स वाला हॉट मुद्दा? सिन्हा जी के बाद आएगा अब इन्हीं के सिर पर अतिरिक्त जिम्मेदारी का ताज? घोषणा से जल्द उठ जाएगा राज ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अपॉजिशन वाले हों या पॉजिशन वाले हों, सभी रहें केयरफुल? सुना है, पार्षद पति के नाम पर अब चढ़ जाता है ताकतवर जनप्रतिनिधि का पारा? नीले से निर्दलीय हो गए डॉ. साहब की क्या आ गईहै बारी? सुना है, उन पर भी हो रही है मुकद्मा दर्ज कराने की तैयारी? कहने वाले ने कहा- नांव ही तो चलाई है और बारिश की वीडियो बनाने पर नहीं होनी चाहिए इतनी बड़ी बात? यहां सियासी शिष्टाचार है और ये है जिला गाजियाबाद?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जिन्होंने उठाई टैक्स आंदोलन में बड़ी आवाज? जब चुनाव का समय आया तो बैक बैंच जाकर क्यों विराजमान हो गए नदिया पार वाले ठाकुर साहब? वो तो सदन में सबसे अगली कतार में बैठकर खिला रहे थे मुद्दों की बहार? कहने वाले ने कहा- वो नहीं चाहते थे ऐन मौके पर फैल जाए कोई रायता? इसलिये सबसे पीछे की सीट पर जाकर बैठना ही लगा उन्हें फायदे का सौदा? जब लगी उनके नाम की आवाज तो उन्होंने सीट से खड़े होकर बोला अपना नाम और वहीं से उठा दिया अपना हाथ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नीली सियासत में अब महावत कहीं है और हाथी दिख रहा है कहीं और? कहने वाले ने कहा- इस हाथी का था कभी यहां की राजनीति में हर विधानसभा में अपने विधायकों का एक दौर? नीले वोटर ने खोली अपनी जुबान और कहा- यहां तो आपस में ही नहीं थम रहा घमासान? उसने कहा- हमारे यहां कोई आता है तो सबसे पहले उसी पर हो जाती है आरोपों की बोछार? आप लगा लो हिसाब, कितनी छोटी-छोटी बातों पर हमारे बड़े-बड़े नेता हो गए बाहर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** निगम चुनाव में कभी चली थी जटवाड़ा वाले चौधरी की ऐसी साइकिल? पांच वोट थी उनके पास और वो ले आए थे पास कराकर लाइन पार वाले आसिफ का नाम? कहने वाले ने कहा- जंग में हौंसलों की होती है कोई बात, हर बात में संख्या नहीं देखी जाती? कहने वाले ने कहा- समाजवादियों को उतरना होगा गली-मोहल्ले की सियासी जंग में भी पूरी ताकत के साथ? राजनीति में हार-जीत से ज्यादा बड़ी बात होती है किसके रहे कितने प्रयास?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# PET-2025 को निष्पक्ष व नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराएं : डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (ढएळ)-2025 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में समीक्षा व कार्यान्वयन बैठक हिन्दी भवन, लोहिया नगर में आयोजित हुई। बैठक में अवगत कराया गया कि पेट-2025 की परीक्षा 6 व 7 सितम्बर 2025 को जिले के 51 परीक्षा केन्द्रों पर दो-दो पालियों में होगी। इसके लिए 5 जोनल मजिस्ट्रेट, 51 सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट और केन्द्र व्यवस्थापक नियुक्त किए गए हैं। परीक्षा का समय प्रथम पाली में सुबह 10:00 से 12:00 बजे और द्वितीय पाली में दोपहर 3:00 से 5:00 बजे तक रहेगा। परीक्षा में कुल 1,00,896 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनमें प्रत्येक पाली में 25,224 परीक्षार्थी बैठेंगे।

### जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देश

**करंट क्राइम।** डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के सभी आदेशों का अक्षरशः पालन किया जाए। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों और परीक्षकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए परीक्षा केन्द्रों पर पानी, टॉयलेट, हवा और रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने वर्षा के मौसम को देखते हुए कहा कि परीक्षा कक्ष की छत से पानी न टपके और बारिश के दौरान किसी प्रकार की बाधा न आए। विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए कि परीक्षा के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित न हो। डीएम ने कहा कि सभी सम्बंधित अधिकारी परीक्षा से पहले अपने-अपने केन्द्रों का निरीक्षण अवश्य कर लें और परीक्षा बुकलेट को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। परीक्षा दिवस पर समय से केन्द्र पर पहुंचकर संबंधित कर्मचारियों से समन्वय स्थापित करें ताकि किसी प्रकार की समस्या न हो।

### बैठक में मौजूदगी

**करंट क्राइम।** बैठक में एडीएम (ई) रणविजय सिंह, एडीएम सिटी विकास कश्यप, एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार, डीआईओएस धर्मेन्द्र श्रीवास सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेरठ रोड से डीपीएस मार्ग की जर्जर सड़क रोजाना 5 हजार बच्चे हो रहे परेशान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरठ रोड से डीपीएस और गढ़ी सिखरोड जाने वाली सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। सड़क उखड़कर कच्ची हो गई है, जिससे इस रास्ते से रोजाना गुजरने वाले हजारों बच्चों और उनके अभिभावकों को भारी दिक़्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक, इस मार्ग से लगभग 5 स्कूलों के करीब 4 से 5 हजार छात्र-छात्राएं प्रतिदिन आते-जाते हैं। कई बार अभिभावकों की गाड़ियां गड्ढों में फंस जाती हैं, जिसके चलते बच्चों को घर पहुंचने में घंटों का इंतजार करना पड़ता है।

स्थानीय निवासी राजीव डागर व जयवीर ने कहा है स्कूल प्रबंधन ने नगर निगम को ईमेल और पत्राचार के माध्यम से कई बार सड़क निर्माण की मांग उठाई है, लेकिन अब तक समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों का कहना है कि आश्चर्य की बात यह है कि इस मार्ग से बड़े अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बच्चे भी शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं, जिन्हें अक्सर उनके अभिभावक स्वयं लेकर आते हैं। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत या निर्माण कार्य पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम और प्रशासन से मांग की है कि बच्चों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस सड़क को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए।